

# हरिभूमि रायपुर भूमि

## 13.5 मीटर चौड़ा बन रहा ब्रिज

मौके पर काम 111.84 मीटर लंबा व 13.5 मीटर चौड़ा ओवरब्रिज बनाने के लिए सेतू विभाग ने एजेंसी को 18 महीने का समय दिया है। इसे देखते हुए लोगों को उम्मीद है कि मार्च 2025 तक कचना रेलवे फाटक के पास ट्रैफिक जाम में फंसने से राहत मिलेगी। वहीं सेतु विभाग ने जिस क्षेत्र में जमीन खाली मिली, वहां बिजली पोल की शिफ्टिंग का काम पूरा करवा लिया है। अभी बचे हुए दुकानों व मकानों की वजह से बहुत कम एरिया में बिजली शिफ्टिंग बची है। अब जमीन खाली होने के बाद ही बिजली महकमा काम पूरा करेगा।

# कचना ओवरब्रिज में 30 दुकान-मकानों का फंसा पेंच, निर्माण रुका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कचना ओवरब्रिज पर अभी भी दुकानों का पेंच फंसा हुआ है। यहां रेलवे फाटक बंद होने से तीन लाख से ज्यादा लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इससे राहत देने के लिए सेतु विभाग ने ओवरब्रिज का निर्माण कचना और खम्हारडीह की तरफ से शुरू करवा दिया है, लेकिन रेलवे लाइन के पास 30 से ज्यादा दुकानों व मकानों के प्रभावितों का मामला सुलझा नहीं है। व्यवस्थापन में विलंब के कारण मौके पर कालम का निर्माण रुका है। बरसात शुरू होने से इसमें लेट-लतीफी होना तय है।

राजधानी में कचना रेलवे फाटक के पास लंबे इंतजार के बाद ओवरब्रिज का काम शुरू हो गया है। इस निर्माण का पेंच सुलझाने में ही जिम्मेदारों ने पहले 7 ▶▶|शेष पेज 13 पर

### कालम बनवाने में जुटी एजेंसी

निर्माण एजेंसी ने काम में तेजी लाने के लिए रेलवे फाटक के दोनों तरफ कालम बनाने का काम शुरू किया है। इसमें लाई जा रही तेजी की वजह यह है कि बरसात से पहले वह ज्यादा से ज्यादा कालम तैयार करना चाहती है, क्योंकि बरसात शुरू होने से कालम बनाने में व्यवस्थागत दिक्कतें आएंगी। इसे देखते हुए ज्यादा से ज्यादा काम पूरा करने के उद्देश्य से फाटक के दोनों छोर से काम को आगे बढ़ा रहे हैं। बरसात के बाद कब्जा वाले हिस्से में भी कालम बनाने की प्रक्रिया होगी। अक्टूबर के बाद इसे शुरू करने की तैयारी होगी।

### जमीन खाली करवाने दी गई जानकारी

एजेंसी ने ओवरब्रिज का निर्माण रेलवे फाटक के दोनों छोर से शुरू किया है। फाटक के पास 30 से ज्यादा दुकान-मकान का मसला फंसा है। उसे शार्टआउट करने के लिए निगम व जिला प्रशासन को पत्र व्यवहार करके जानकारी दी गई है।

**- मोहन लाल उरांव,** मुख्य अभियंता सेतु विभाग, रायपुर



## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति की हुई शिनाख्त

**रायपुर।** खमतराई थाना क्षेत्र में चार दिन पूर्व 10 जून को सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति की शिनाख्त बेमेतरा निवासी ईश्वर बघेल के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक घटना दिनांक को ईश्वर अपनी बाइक से बेमेतरा जा रहा था, उरकुरा मोड़ के पास ट्रक सीजी-04 पीडी-5656 के चालक ने लापरवाही से तेज रफ्तार ट्रक चलाते हुए ईश्वर की बाइक को ठोकर मार दी। ट्रक की ठोकर से उसके सिर तथा पेट में गंभीर चोट आने की वजह से मौके पर ही मौत हो गई।

### जाम तोड़ने पेड़ में पत्थर मारने पर विवाद, मारपीट

**रायपुर।** खमतराई थाना में एक महिला ने दो लोगों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक बंजारी नगर निवासी पुष्पा साहू ने महेंद्र साहू तथा मोहनी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। पुष्पा ने पुलिस को बताया कि महेंद्र तथा उसकी मां ने उसके बेटे पर जाम पेड़ में पत्थर मारने का आरोप लगाते हुए पुष्पा के साथ मारपीट की।



### ई-रिक्शा पलटा सवारी की मौत

**रायपुर।** अभनपुर थाना क्षेत्र में ई-रिक्शा पलटने से रिक्शा में बैठे एक सवारी की मौत हो गई तथा एक अन्य सवारी घायल हुआ है। ई-रिक्शा पलटने से सुरेश पारधी की मौत हुई है। सुरेश अपने अन्य परिजनों के साथ ई-रिक्शा में सवार होकर अभनपुर, पाटन से अपने गांव खोरपा जा रहा था। ई-रिक्शा के चालक ज्ञानेश्वर उर्फ कोड्डु गायकवाड़ लापरवाही से ई-रिक्शा चलाते हुए पलटा दिया। ई-रिक्शा पलटने से सुरेश के सिर तथा पेट में गंभीर चोटे आने से मौके पर ही मौत हो गई।

### लाइट लगाने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में लाइट लगाने के विवाद में दो पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ लाइट लगाने के विवाद में मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राजू साहू ने ईश्वर ध्रुव तथा उसके भाई के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। ईश्वर ने पुलिस को बताया कि उसने ईश्वर से संतोषी नगर स्थित आंगनबाड़ी भवन में लाइट लगाने के लिए कहा तो इसी बात को लेकर ईश्वर तथा उसके भाई ने विवाद करते हुए मारपीट की। ईश्वर ने लाइट लगाने के विवाद में राजू के खिलाफ मारपीट करने की थाने में शिकायत दर्ज कराई है।



### दो पक्ष भिड़े, केस दर्ज

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाना में दो व्यक्ति ने एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। परमानंद ने संजय के खिलाफ खोखो तालाब के पास रास्ता रोककर ईंट से सिर पर हमला कर मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। संजय ने परमानंद के खिलाफ आकाराण रास्ता रोककर मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

अभनपुर क्षेत्र के लखना रेत खदान में आधी रात को अवैध उत्खनन के दौरान ट्रैक्टर चालक की मौत

# रेत के लिए नदी में बना दिए गए कई रास्ते, वाहनों का काफिला, आधी रात खुदाई, दबकर एक की मौत

लक्ष्मण लेखवानी ▶▶| रायपुर

मानसून में रेत खदानें बंद हो जाएंगी। उससे पहले महानदी की कई वैध-अवैध खदानों से मशीनों के जरिए इतनी रेत निकाली जा रही है कि नदी पर वाहनों का काफिला दौड़ता नजर आ रहा है। नदी कई हिस्सों में बंटी दिख रही है, कई रास्ते बन गए हैं। आरंग ब्लॉक में कई खदानों में जहां सीआ से अनुमति बिना रेत खदानों में अवैध रूप से रेत का उत्खनन का काम दिन-रात चल रहा है, जिन खदानों को अनुमति मिली है, वहां भी नियम विरुद्ध निर्धारित से ज्यादा एरिया में उत्खनन, चेन माउंटेन मशीनों से रेत की लोडिंग, पानी के साथ रेत का उत्खनन कराया जा रहा है। कल आधी रात इसी आपाधापी में एक खदान में हाईवा के नीचे आकर एक श्रमिक की मौत हो गई। हरिभूमि ने गुरुवार को आरंग क्षेत्र की कुछ रेत खदानों की लाइव पड़ताल की। इस दौरान बेनीडीह स्थित महानदी में जो नजारा देखने को मिला, वह किसी फिल्मी सीन से कम नहीं था। रेत माफिया के लोगों ने नदी के अंदर ही मुरुम-मिट्टी से कई रास्ते बना लिए हैं। इन रास्तों के कारण नदी कई टुकड़ों में दिखने लगी है। रास्ते नदी में एक किलोमीटर से भी ज्यादा दूरी तक बना लिए गए हैं, जहां चेन माउंटेन मशीन से रेत का उत्खनन किया जा रहा है। ▶▶|शेष पेज 13 पर



हरिभूमि लाइव





### उत्खनन पर रोक को लेकर असमंजस की स्थिति

बारिश के सीजन में हर साल 10 जून से लेकर 10 अक्टूबर तक रेत खदानों में उत्खनन पर रोक लगाई जाती है। रायपुर जिले में पिछले साल 10 जून को ही रोक लगाई गई थी, लेकिन खनिज विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस बार 15 जून को रोक लगाने का आदेश जारी हुआ है, जबकि विभागीय सूत्रों के अनुसार 10 जून से रोक लागू हो चुकी है। इस तरह रेत उत्खनन पर रोक की तारीख को लेकर भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

### खदानों में उत्खनन पर 15 तारीख से लगेगा प्रतिबंध

बारिश के सीजन में रेत खदानों में उत्खनन पर प्रतिबंध इस बार जिले में 15 जून से लगाया जाएगा। पिछले साल 10 जून को लगाया गया था। लखना अभनपुर में अवैध रूप से उत्खनन किया जा रहा था। इस मामले में विभाग कार्रवाई कर रहा है।

**- केके गोलघाटे,** उप संचालक, खनिज विभाग रायपुर

### मौत मामले में केस दर्ज

लखना नदी किनारे रेत का उत्खनन के दौरान एक व्यक्ति की चेन माउंटेन मशीन के नीचे दबकर मौत हो गई। इस मामले में केस दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

**- कीर्तन राठौर,** एएसपी रायपुर ग्रामीण

### हाईवा गाड़ियों का लगा रहा रेला

पड़ताल के दौरान पता चला कि आरंग की बेनीडीह स्थित रेत खदान में रायपुर और महासमुंद दोनों सीमा पर नदी से रेत का नियम विरुद्ध तरीके से धड़ल्ले से उत्खनन किया जा रहा था। इस दौरान रायपुर सीमा क्षेत्र में नदी के बीच में करीब एक किलोमीटर तक लंबा रास्ता बनाया गया था, जिसमें हाईवा गाड़ियों का लगातार आवागमन हो रहा था। बीच नदी में यहां चेन माउंटेन की दो मशीन से लगातार पानी के नीचे से रेत का उत्खनन कर गाड़ियों में लोडिंग की जा रही थी। इसी प्रकार नदी के दूसरी तरफ महासमुंद सीमा में भी लगभग 50 हाईवा गाड़ियों का रेला लगा रहा। इन गाड़ियों में भी 3 चेन माउंटेन मशीन से पानी के नीचे से रेत का उत्खनन कर लोडिंग कराई जा रही थी।

### पारागांव में भी अवैध रूप से चल रहा था उत्खनन

आरंग क्षेत्र में बेनीडीह नदी में अवैध रूप से रेत का उत्खनन किया जा रहा था। यहां भी करीब 25-30 हाईवा नदी के बीच में खड़े मिले। इन गाड़ियों में भी चेन माउंटेन मशीन से पानी के नीचे से रेत का उत्खनन कर लोडिंग किया जा रहा था। नदी के ऊपरी रास्ते में भी रेत से भरी कई गाड़ियां मिलीं। इनमें कई गाड़ियों के सामने कांच में ऑन ड्यूटी रेलवे चस्पा किया हुआ था।

### जगह-जगह पहाड़ की तरह रेत के अवैध भंडारण भी मिले

आरंग क्षेत्र में कई खदानों के आसपास गांव में रेत के अवैध भंडारण भी मिले। पारागांव में खाली जगह पर पहाड़ों की तरह रेत का भंडारण मिला। यहां कुछ लोगों से पूछताछ पर पता चला कि यह भंडारण अवैध है। भंडारण के लिए कोई अनुमति नहीं ली गई है। पारागांव में सिर्फ एक जगह नहीं, बल्कि कई जगह रेत के अवैध भंडारण मिले। अधिकारियों के अनुसार यहां एक-दो लोगों को भंडारण को लेकर नोटिस भी दिया गया है।

# आरटीआई से एडमिशन के बाद 50 प्रतिशत बच्चे ड्रॉप आउट, कलेक्टरों ने राज्य सरकार को सौंपी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- क्या ड्रॉपआउट बच्चे जा रहे हैं आत्मानंद स्कूलों में
- निजी स्कूलों का दावा, 5 प्रतिशत भी ड्रॉप आउट नहीं

छत्तीसगढ़ आरटीआई के तहत प्राइवेट स्कूलों में एडमिशन लेने वाले बच्चों में से 50 प्रतिशत स्कूल छोड़ रहे हैं। यह रिपोर्ट राज्य के कलेक्टरों ने सरकार को दी है। स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेसी के आदेश पर राज्य के कलेक्टरों को आरटीआई के ड्रॉप आउट बच्चों की रिपोर्ट देने कहा गया था।

दूसरी ओर निजी स्कूल संचालकों का दावा है कि बड़े प्राइवेट स्कूलों में एडमिशन लेने वाले बच्चों में ज्यादातर स्वामी आत्मनंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में एडमिशन ले रहे हैं। कुल मिलाकर पांच प्रतिशत बच्चे ही ऐसे होंगे, जो पढ़ाई छोड़ रहे हैं। देश में लागू शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीआई) के ▶▶|शेष पेज 13 पर

### तीन साल में हजारों बच्चों ने छोड़ा स्कूल

राज्य के कलेक्टरों ने पिछले तीन साल में आरटीआई से एडमिशन लेने के बाद स्कूल छोड़ने की जांच की तो ये बात सामना आई है कि 2020-21 में 10 हजार, 2021-22 में 18 हजार और 2023-24 में 24 हजार गरीब बच्चों ने स्कूल छोड़ा। 2023-24 में प्रायवेट स्कूलों में 48 हजार गरीब बच्चों के दाखिले हुए थे, इनमें से 24 हजार स्कूल छोड़ गए।

### बड़े स्कूलों से बच्चे ज्यादा निकले

कलेक्टरों की रिपोर्ट से बात सामने आई है कि स्कूल छोड़ने वाले बच्चों में अधिकतर ऐसे हैं जो राज्य के बड़े शहरों में रहते हैं। इन शहरों के बड़े प्रायवेट स्कूलों में इन्हें एडमिशन दिया गया था। इनमें रायपुर, बिलासपुर, कोरबा और जांजगीर चांपा सहित अन्य शहरों के बच्चे शामिल हैं। इनमें भी सबसे अधिक करीब ढाई हजार बच्चे रायपुर के बड़े प्रायवेट स्कूलों के हैं।

### बच्चे शिफ्ट हो गए आत्मानंद स्कूलों में

इधर छत्तीसगढ़ प्रायवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने इस पूरे मामले पर एक अलग ही दावा किया है। उनका कहना है कि वास्तविकता ये है कि बड़े प्रायवेट स्कूलों में जो बच्चे आरटीआई के तहत एडमिशन ले रहे हैं,वे दरअसल इन स्कूलों के नियमित एडमिशन वाले बच्चों के साथ संतुलन नहीं बना पा रहे हैं। बड़े स्कूलों के बच्चों का सामाजिक स्तर इन बच्चों से बिल्कुल अलग है। ऐसी स्थिति में ये बच्चे अपने क्षेत्र में ही खुले सरकारी स्वामी आत्मानंद स्कूलों में शिफ्ट हो रहे है। इसके पीछे वजह ये है कि स्वामी आत्मानंद स्कूलों में एडमिशन की शर्त ये है कि बच्चे अंग्रेजी माध्यम के होने चाहिए। बच्चों को न प्राईवेट स्कूलों में फीस लगनी है न ही स्वामी आत्मानंद में। अभी सरकारी जांच में ये बात भी नहीं आई है कि जो बच्चे प्राईवेट स्कूलों से ड्रॉप आउट हुए हैं वे कहां गए हैं? इस तथ्य की जांच के बाद साफ हो जाएगा कि पांच प्रतिशत बच्चे भी ड्रॉप आउट नहीं हुए हैं।

# अस्पतालों में फोटोग्राफी वीडियोग्राफी पर बैन

- प्रसूता का वीडियो वायरल होने के बाद एक्शन
- सरगुजा जिले के शासकीय अस्पताल में फर्श पर हुई थी प्रसूता की डिलीवरी
- लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने जारी किया आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासकीय अस्पतालों में अब सभी तरह की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी पूर्णतः बैन रहेगी। सरगुजा के शासकीय अस्पताल में बीते दिनों एक गर्भवती महिला की डिलीवरी फर्श पर हुई थी। इसका वीडियो बड़े पैमाने पर वायरल हुआ। इसके बाद लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा पूरे मामले पर सख्ती बरतते हुए आदेश जारी किया गया है। इसके अलावा अंबिकापुर की उक्त घटना बाबत ऑनलाइन वायरल हो ▶▶|शेष पेज 13 पर

### निजता का हनन

खत में कहा गया है कि इस प्रकार की घटना के वीडियो के वायरल किए जाने की जितनी निंदा की जाए, वह कम होगी। आप यह भी सहमत होंगे कि इस प्रकार की घटना की वीडियोग्राफी नहीं की जानी बाहिए। महिलाओं के वीडियो या किसी भी व्यक्तिगत सामग्री को बिना उनकी अनुमति के वायरल करना न केवल अनैतिक है, बल्कि यह कई कानूनी और सामाजिक समस्याओं को भी जन्म दे सकता है। वीडियो वायरल होने से संबंधित व्यक्ति की सामाजिक प्रतिष्ठा और सम्मान को नुकसान पहुंचता है। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हम सभी की निजता का सम्मान करें और उनके व्यक्तिगत अधिकारों का उल्लंघन ना करें।

# रायपुर में मानसून की दस्तक 16 के बाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कई दिनों से अटके मानसून के आगे बढ़ने के लिए अच्छी स्थितियां निर्मित हो गई हैं। इसके आधार पर मौसम विभाग का अनुमान है कि मानसून 16 जून के बाद कभी भी रायपुर में दस्तक दे सकता है। इसके पहले गर्मी से राहत मिलने के कोई आसार नहीं है। 24 घंटे पश्चात प्री मानसूनी गतिविधि में वृद्धि होने के बाद गर्मी से थोड़ी राहत की संभावना है। मानसून के दस्तक के बाद ही लोगों को उमस भरी गर्मी से निजात मिल सकेगी। इसके पूर्व गुरुवार को आसमान में हल्के बादल छाए रहे, लेकिन बूंदें नहीं बरसी।

मौसम विभाग के अनुसार, 14 जून को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों में अंधड़ चलने के साथ वज्रपात की भी आशंका जताई गई है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मध्य बिहार के ऊपर 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### तापमान में विशेष परिवर्तन फिलहाल नहीं, करना पड़ेगा गर्मी का सामना



### पूर्व में जल्दी पहुंचने का अनुमान

मौसम विभाग द्वारा पूर्व में मानसून के जल्द रायपुर पहुंचने का अनुमान लगाया गया था। प्रारंभ में मानसून की गति अच्छी थी। तय समय से पहले केरल पहुंच जाने के कारण रफ्तार को देखते हुए यह उम्मीद की जा रही थी कि राजधानी में भी समय से पहले ही मानसूनी बारिश प्रारंभ हो जाएगी, लेकिन केरल प्रवेश के बाद मानसून की रफ्तार धीमी हो गई और उम्मीद के अनुसार मानसून 13 जून तक राजधानी नहीं पहुंच सका। हालांकि छत्तीसगढ़ में मानसून ने अपने तय समय में दस्तक दे दी है, लेकिन राजधानीवासियों को बारिश के लिए अभी इंतजार करना पड़ेगा।

### अंधड़ की चेतावनी

शहर का अधिकतम तापमान सामान्य से 2.1 डिग्री अधिक 41.1 डिग्री दर्ज हुआ। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 2.6 डिग्री अधिक 29.9 डिग्री दर्ज हुआ। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान 43.6 डिग्री लखनपुर कोरबा में दर्ज हुआ। जबकि सबसे कम तापमान 22.2 डिग्री नारायणपुर में रहा। मुंगेली और पथरिया में 2 सेमी तथा बिलासपुर में एक सेमी बारिश हुई। रायपुर जिले में आज आसमान के आंशिक मेघमय रहने तथा गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने की संभावना मौसम विभाग द्वारा जताई गई है।

# आखिरकार कब्जा मुक्त कराया सामुदायिक भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के सिविल लाइन वार्ड के जोगी नगर स्थित सामुदायिक भवन को गुरुवार को कब्जा मुक्त कराया गया। विधायक निधि के फंड से बने इस सामुदायिक भवन पर कुछ परिवार वाले पिछले सालभर से कब्जा कर यहां रहने लगे थे, जिसके कारण इस भवन में सालभर एक भी कार्यक्रम नहीं हुआ। इस सामुदायिक भवन को इसलिए बनाकर दिया गया था कि गरीब वर्ग के लोग न्यूनतम किराया में यहां शादी, सगाई, जन्मदिन, शोक सहित अन्य कोई भी कार्यक्रम कर सकें, लेकिन भवन पर कब्जा हो जाने के कारण इसका उपयोग नहीं हो ▶▶|शेष पेज 13 पर



- हरिभूमि की खबर के बाद नगर निगम ने की कार्रवाई


## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# शिक्षा भूमि

Admission OPEN

## शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश प्रारंभ

शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए स्कूलों और कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यह समय छात्रों और अभिभावकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह सही शैक्षणिक संस्थान के चयन का समय है।

### स्कूल का चयन

1. **शैक्षणिक गुणवत्ता** - सबसे पहले, उस स्कूल की शैक्षणिक गुणवत्ता की जांच करें जिसमें आप अपने बच्चे को दाखिला दिलाना चाहते हैं। स्कूल के पिछले वर्षों के परिणाम, शिक्षक-छात्र अनुपात, और शिक्षकों की योग्यता पर ध्यान दें। एक अच्छा स्कूल वही होता है जो न केवल उच्च शैक्षणिक परिणाम देता है बल्कि छात्रों के समग्र विकास पर भी जोर देता है।
2. **सुविधाएं और संसाधन** - स्कूल की सुविधाओं और संसाधनों की भी जांच करें। अच्छी प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, खेल के मैदान, और तकनीकी सुविधाएं एक अच्छी शिक्षा का आधार होती हैं। इन सुविधाओं से छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में विकास के अवसर मिलते हैं।
3. **सह-पाठ्यक्रम गतिविधियाँ** - शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए। स्कूल में सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों जैसे खेल, संगीत, नाटक, और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों का होना भी महत्वपूर्ण है। ये गतिविधियाँ बच्चों के आत्मविश्वास और समग्र व्यक्तित्व विकास में मदद करती हैं।
4. **स्थान और परिवहन** - स्कूल का स्थान और वहां तक पहुंचने की सुविधा भी महत्वपूर्ण है। स्कूल घर के निकट हो तो बेहतर, लेकिन अगर दूर है तो परिवहन की सुविधा पर ध्यान दें। सुरक्षित और सुविधाजनक परिवहन व्यवस्था होना आवश्यक है।

### कॉलेज का चयन

1. **प्रवेश परीक्षा और मेरिट** - कई कॉलेज प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षाएं आयोजित करते हैं। इन परीक्षाओं में अच्छे अंक लाने वाले छात्रों को मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जाता है। इसलिए, प्रवेश परीक्षा की तिथियों और उनकी तैयारी पर विशेष ध्यान दें।
2. **पाठ्यक्रम और विशेषज्ञता** - जिस विषय में आप आगे की पढ़ाई करना चाहते हैं, उस पर विशेष ध्यान दें। कॉलेज के पाठ्यक्रम और उसकी विशेषज्ञता के क्षेत्र को अच्छी तरह से समझें। प्रतिष्ठित संस्थानों में वे विषय पढ़ें जिनमें आपकी रुचि हो और भविष्य की संभावनाएं हों।
3. **फैकल्टी और संसाधन** - कॉलेज की फैकल्टी और संसाधनों की जांच करें। उच्च योग्य और अनुभवी प्रोफेसरों की उपस्थिति और आधुनिक प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, और अनुसंधान सुविधाएं एक अच्छा कॉलेज बनाते हैं। ये संसाधन आपके शैक्षिक और व्यावसायिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
4. **प्लेसमेंट और उद्योग से जुड़ाव** - कई कॉलेज अच्छे प्लेसमेंट रिकॉर्ड और उद्योग से जुड़ाव के लिए जाने जाते हैं। कॉलेज की प्लेसमेंट सेल की जानकारी प्राप्त करें और पता करें कि पिछले वर्षों में छात्रों को किन कंपनियों में रोजगार मिला है। उद्योग से जुड़ाव वाले कॉलेज छात्रों को इंटर्नशिप और प्रोजेक्ट्स के माध्यम से व्यावसायिक अनुभव प्रदान करते हैं।

BANSAL PUBLIC SCHOOL
ADMISSION OPEN
PLAYGROUP TO CLASS 8th
English medium teaching based on CBSE pattern
Vehicle Facility
Special Discount available.
Teachers required for Maths, Science and Computer subjects.
Aditya Advt.
( Office Hrs. 8 am to 12 pm. )
Ashok Vihar Colony, St. No. 5 Opposite Mandi Gate, Pandri Raipur.
Mo: 9301128678, 7389579382 email:rsbansal1610@gmail.com

VIVEKANANDA INSTITUTE FOR HUMAN EXCELLENCE (College Division)
(Affiliated to Pt. Ravishankar Shukla University, Raipur)
College Code - 184
ADMISSIONS OPEN
B.Com B.B.A. D.C.A. P.G.D.C.A. B.Com (Computer Application)
P.G. Diploma in Yoga & Philosophy
Salient Features
▪ Experienced & Dedicated Faculty Members
▪ High-Tech Computer Lab & e-Library
▪ Guest Lectures / Workshop
▪ Personality Development & Soft Skills
▪ Meditation / Sports / Co-Curricular Activities
Vivekananda Vidyapeeth, Ramakrishna Paramhansa Nagar, Kota, Raipur (C.G.) Mob.: 62671-35593, 88785-28020
Email : vihe1929@gmail.com, website : www.vivekvidya.ac.in

PRANAVANANDA ACADEMY
An English Medium Senior Secondary School
(Affiliated to C.B.S.E., Affiliation on 3330050)
www.bssparaipur.co.in
ADMISSION OPEN
Session - 2024-25
Salient Features- • This is run & managed by the world renowned philanthropic organization of monks- Bharat Sevashram Sangha.
• Man making education is the motto of this School
Nursery to Class IX & XI
VIP Road, Raipur (C.G.)
Mob. : 79873-74076, 83497-84854, 73896-25110

शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल
AFFILIATED BY C.G. BOARD
प्रवेश प्रारंभ
प्रथम 50 विद्यार्थियों को निःशुल्क प्रवेश
द्वितीय 50 विद्यार्थियों को प्रवेश शुल्क में 50% की विशेष छूट
नर्सरी से कक्षा 12 वीं तक
बाजार चौक के पास, चंगोराभाठा, रायपुर
मो. : 0771 2243085, 2242890, 9425526891, 8827376688
हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, गोल चौक के पास, बोरियाकला रायपुर मो. 9479116868, 7828168418

प्रवेश प्रारंभ पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. से सम्बद्ध प्रवेश प्रारंभ
शांतिनिकेतन महाविद्यालय
M.Sc. Micro Bio., Com. Science, I.T.
B.Sc. Micro Bio., Com. Science, I.T. & Plain
B.Com. Plain & Computer Application
प्रवेश शुल्क में 50% की विशेष छूट
BCA, DCA, PGDCA
ST, SC OBC, विद्यार्थियों के लिए (100%) छात्रवृत्ति की सुविधा
प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष में प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
बाजार चौक के पास, चंगोराभाठा, रायपुर
0771-2243085, 2242890, 9425526891, 7828168418

Vardhman
English Medium Hr.Sec. School
Kasar Gali, Satti Bazar, Raipur | 7222961022
Nursery to XII (All Sub.)
Maths, Bio, Commerce
Vardhman The School
Nahar Road, Krishna Nagar, Santoshi Nagar, Raipur | 7067512884

# गणितीय कौशल की अवधारणा को साकार करने एफएलएन प्रशिक्षण

## शिक्षक शिल्पी है जो बच्चों के व्यक्तित्व का करता है निर्माण और संवारता है समाज को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद रायपुर के निर्देशानुसार बीआरसीसी शैक्षिक हाल आरंग, समोदा, चंदखुरी जोन में द्वितीय दिवस का एफएलएन प्रशिक्षण गणितीय कौशल की विधाओं एवं शून्य की अवधारणा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विकासखंड स्त्रेत समन्वयक मातली नंदन वर्मा ने दार्शनिक अंदाज में कहा कि शिक्षक ही वह शिल्पी है जो बच्चों के व्यक्तित्व को आकार देता है, उन्होंने प्राथमिक स्तर के शिक्षण को नीव का पत्थर बताते हुए कहा कि यह एफएलएन प्रशिक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है और आगे इसकी मॉनीटरिंग भी होनी है। उन्होंने तीनों जोन में शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति की प्रशंसा भी की। मास्टर ट्रेनरों ने गणित विषय को सरलीकरण करते हुए विविध विधाओं से प्रस्तुति दी वही शिक्षकों ने भी ग्रुप एक्टिविटीज के माध्यम से ड्राइंग शीट एवं सहायक शिक्षक सामग्री का उपयोग करते हुए नृत्य, गीत एवं अभिनय के माध्यम से बताया कि हम इस प्रकार बच्चों का न केवल आईक्यू लेवल को बढ़ा सकते हैं अपितु उन्हें दक्ष और होनहार भी बना सकते है। इस अवसर पर पहाड़ा बनाने की तकनीक को सुआ गीत, होली गीत, देवार गीत से सीखने की तकनीक भी मजेदार रही। शिक्षकों ने समय की अवधारणा, स्कूल रेडीनेस विद्या प्रवेश गतिविधि, जोड़ना घटाना, इकाई दहाई, तीलियों से बंडल बना समझने की तकनीक आदि गतिविधियों को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया।



### 48 संकुल के 198 शिक्षकों की सहभागिता

प्रोजेक्टर में भी कई गतिविधियों को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर अमित अग्रवाल, सुमन चतुर्वेदी, युवराम साहू, डोमन लाल डहरिया, विश्राम बंजारे, विजय देवांगन, होरिलाल पटेल, गिरिजा शंकर अग्रवाल, किशोर शर्मा, भागेश्वरी धर्मगुड़ी, लखमेंदर बौद्ध, सीएसी जितेंद्र शुक्ला, शिक्षकगण रूपेश्वरी चंद्राकर, अर्चना शर्मा, मेघराज साहू, गोपाल चंद्राकर, संध्या चंद्राकर, पायल शुक्ला, नीता चंद्राकर, गिरीश गिलहरे, सावित्री सोनकर, गिरधारी लाल सिन्हा, मधु पटेल, विमल कुमार, राजेश सोनी, आश्रिता प्रधान, खिलेंद्र नशीने, अरविंद वैष्णव आदि सहित 48 संकुल के 198 शिक्षकों की सहभागिता रही।

## खबर संक्षेप



### कुर्मी समाज की बैठक में कई मुद्दों पर की चर्चा

**चंदखुरी।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी छत्रीय समाज की सामाजिक प्रकरण बैठक ग्राम मुंनगी में संपन्न हुआ जिसमें समाज से जुड़े समाज से जुड़े विभिन्न प्रकरणों पर चर्चा परिचर्चा किया गया जिसमे समाज के सैकड़ो की संख्या में पदाधिकारी प्रमुख रूप से बैठक में शामिल हुए थे जिनमें प्रमुख रूप से राज प्रधान चिंता राम वर्मा राज मंत्री रामकुमार वर्मा रामकिसुन वर्मा राम स्नेही वर्मा संतोष वर्मा नरेंद्र वर्मा सुरेश वर्मा शंकर राज वर्मा हेमंत वर्मा महिला प्रमुख ललिता रेखा मीणा साथी ग्राम मुनगी के ग्राम प्रमुख केदार वर्मा ललित वर्मा साथ ही ग्राम के स्वजाती प्रमुख रूप से उपस्थित रहे यह जानकारी चंदखुरी राज मीडिया प्रमुख योगेंद्र वर्मा ने दिया।

### होटलों में शराबखोरी पर कार्रवाई नहीं की

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा छेत्र में जमकर अवैध शराब की बिक्री, व होटल ढाबों में खुलेआम शराब खोरी। तिल्दा से खरोरा के बिच मुख्य मार्ग पर जमकर अवैध शराब बिक्री।तिल्दा नेवरा व आसपास के गांव में जमकर अवैध शराब की बिक्री हो रही है, इसके साथ ही कई स्थानों पर खुलेआम शराब पिलाई जा रही है, तिल्दा नेवरा व आसपास के ढाबों एवं होटलो में खुलेआम बैठाकर शराब पिलाई जा रही है लेकिन आबकारी विभाग कार्रवाई नहीं कर रही है। सुबह से देर रात तक क्षेत्र के ढाबों में अवैध रूप से शराब परोसी जा रही है, कार्रवाई के नाम पर पुलिस थोड़ी बहुत कार्रवाई करती है, लेकिन आबकारी विभाग आंख मूंदे बैठा हुआ है। खरोरा तिल्दा के बीच भी जमकर यह कृत्य जारी है। क्षेत्र वासियों ने तत्काल इस पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

### छालीवुड कलाकार चंदनानी को दादा साहब फाल्के पुरस्कार

**रायपुर।** मुंबई अंधेरी स्थित मयूर हॉल में गत दिनों आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ फिल्म इंडस्ट्रीज के उभरते हुए कलाकार शंकर चंदनानी को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से मुंबई में सम्मानित किया गया।

## समस्या : बिजली कटौती से नींद हराम, कूलर, पंखा, फ्रिज और पंखे बने शो पीस

# भीषण गर्मी में मेंटनेंस के नाम पर 8-8 घंटे तक बिजली कटौती से उपभोक्ता हैं बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

छग में जंहा एक ओर जहां भीषण गर्मी का दौर जारी है जिसके कारण लोग बेहाल हैं। वहीं दूसरी ओर विद्युत कंपनी द्वारा अंचल में की जा रही अघोषित विद्युत कटौती से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। हालात यह है कि सुबह 6 बजे से ही बिजली की आंख मिचौनी शुरू हो जाती है। जो दिन भर जारी रहती है। दिन में लाइट की कटौती से जहां नागरिक परेशान हैं वहीं शाम होते ही गांव में अंधेरा छा जाता है। रात के समय में भी लाइट की कटौती से नागरिकों की नींद हराम हो रही है। बिजली कटौती के चलते घरों एवं दुकानों केकूलर, पंखे, फ्रिज, एसी भी महज शो पीस बने हुए हैं।

- पानी के लिए लोगों को करनी पड़ रही भारी परेशानी का सामना
- बिजली अफसरों से की शिकायत पर समस्या का निराकरण नहीं कर रहे



धरसींवा विद्युत विभाग पिछले 12 माह से मेंटेनेंस के नाम पर हर महीने कोई न कोई दिन लगभग 8 घण्टे की बिजली सप्लाई बंद रखते है हद तो जब हो गई जब भीषण गर्मी में जंहा धरसींवा अंचल में तेज गर्मी जब 46 डिग्री से भी ऊपर चरम पर थी तब धरसींवा बिजली विभाग के द्वारा मेंटेनेंस के नाम पर सप्ताह में एक दिन 8 घण्टे की बिजली की कटौती किया जा रहा है इसके अलावा विद्युत कटौती का हिसाब ही अलग दिखाई पड़ रहा है।

### गर्मी में लोग पड़ रहे बीमार, अस्पताल में मरीज की संख्या बढ़ी

बिद्युत कटौती और गर्मी ने इस बार लोगो को खासे रुला कर रख दिये है जंहा मच्छरों के प्रकोप से लोग बीमारी का शिकार हो रहे हैं, लेकिन बिजली विभाग के कर्मचारी व्यवस्था सुधार में रूचि नहीं ले रहे हैं। वहीं बार-बार बिजली गुल होने से नल-जल योजना प्रभावित हो रही है। लोगों को पीने के पानी के लिए घंटों नल आने का इंतजार करना पड़ रहा है। आम जनता ने विद्युत कंपनी के अधिकारियों से अंचल में हो रही बार-बार विद्युत कटौती बंद कराए जाने की मांग की है।

### बरसात में भी ब्लैक आउट का अंदेशा

बिजली विभाग भले ही इस समय मेंटेनेंस के नाम पर 08 घण्टे की बिजली सप्लाई बंद कर रहे है मगर ये कोई राहत देने वाली खबर नही होगी क्यो की आने वाले समय बरसात है जंहा हल्की बारिश होते ही बिजली बंद कर दिया जाता है। कभी लाइनों में ब्रेकडाउन तो कभी फाल्ट से उपभोक्ताओं को चैन नहीं मिलने वाला है। बिजली कटौती और ट्रिपिंग से हाल-बेहाल होने की संभावना से इनकार नही किया जा सकता है। शहर से लेकर देहात क्षेत्रों तक यही हाल है। बता दे कि पावर कॉरपोरेशन की ओर से बिजनेस प्लान 2023-24 के तहत क्षमतावृद्धि और जर्जर लाइनों को बदलने का काम किया जा रहा है।इसके बाद भी सप्लाई में सुधार नहीं हुआ है। जिले में अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। इसमें लो-बोल्टेज की समस्या भी शामिल है।

### मरम्मत पर उठ रहे सवाल



*भीषण गर्मी के दौरान जर्जर तारों-खंभों को बदलने और नई लाइन बिछाने के फैसले पर भी लोग सवाल उठा रहे हैं। कि गर्मी आने से पहले भी अधिकारी पूरी व्यवस्था होने का दावा करते हैं लेकिन, स्थिति में कोई बदलाव नहीं होता। अधिकारियों को गर्मी के सीजन से पहले ही तार और खंभे बदलने चाहिए थे, जिससे गर्मी के दौरान लोगों को परेशानी न हो, लेकिन अधिकारियों की मनमानी से लोग परेशान हैं।*

### मेंटनेंस कार्य जारी

*बरसात के पूर्व कई स्थानों पर तारों को बदलने तो कहीं नए तार बिछाने का काम चल रहा है। आवश्यकता होने पर ही शटडाउन लिया जाता है। लोगों को निर्बाध बिजली देने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है।*

## लगातार चोरी से लोग परेशान, कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

अभनपुर क्षेत्र मे चोरो के आंतक से नगर से लेकर गांव के लोगो की नींद हराम हो गई है चोरी के अधिकांश मामलो मे एफआईआर दर्ज नही की जाती है जिससे चोरो के हौसले बुलंद है। ग्राम गिरोला निवासी भोजराम साहू के घर के पास डबरी तालाब मे मोनो ब्लाक क्राफ्टन कंपनी का पंप लगा हुआ था शासन द्वारा सिंचाई योजना के तहत यह पंप उन्हे प्राप्त हुआ था जिसकी कीमत 40 हजार बताया गया है। चोरी की इस घटना के रिपोर्ट लिखाने थाना जाने पर कोई कार्यवाही नही की गई,इसी तरह गिरोला के इन्द्रजीत साहू के यहां पेयजल के लिए लगाये गये मोटर पंप निकालने की घटना एक सप्ताह पूर्व हो चुकी है उनका पंप नही निकाल पाने की वजह से केवल आधा पाइप काटकर नीचे गिरा दिया गया,पीने का पानी अथवा सब्जी बाड़ी के लिए बोर मे डाले गये पंप रातो रात निकाल कर ले जा रहे है जिसकी कीमत 30-40 हजार रूपये रहती है ग्रामीण तत्काल इतनी बड़ी राशि की व्यवस्था नही कर पाते जिससे पीने का पानी से लेकर उनकी खेत,बाड़ी सब सूख जाते है,चोरो का आंतक इतना बढ़ गया है कि घरो के बाहर खड़े ट्रैक्टर की बैक्ट्री व अन्य सामान भी रातो रात गायब हो रहे है। इस संबंध मे थाना प्रभारी सिद्धेश्वर प्रताप सिंह से चर्चा करने पर उन्होने कहा कि उक्त घटना की जांच उपरांत पुष्टि होने पर एफआईआर दर्ज की जायेगी।

### पेंशनरों की बैठक कल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज रायपुर का मासिक बैठक पेंशनर्स समाज के सभा भवन में 15 जून को होगी। बैठक में कई विषयों पर चर्चा भी की जाएगी। समाज के प्रांताध्यक्ष चेतन भारती ने बताया कि बैठक में गरियाबंद तहसील अध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष के बीच चल रहे विवाद पर भी चर्चा की जाएगी।

## विधायक ने सुनी समस्याएं और किया फौरन निराकरण



**आरंग।** लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद बुधवार को विधायक गुरु खुशवंत साहेब अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगो के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनी तथा उनके निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वे दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक अपने क्षेत्रीय कार्यलय आरंग में लोगो के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुना और त्वरित समाधान भी किया। उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि विधानसभा चुनाव के बाद प्रति बुधवार को जनदर्शन कार्यक्रम आरंभ किया गया था परंतु लोकसभा चुनाव के चलते आदर्श आचार संहिता लागू हो जाने के बाद इसे स्थगित कर दिया गया था। जो अब पुनः शुरु हो गया है। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से लोगो की छोटी-बड़ी समस्याओ का निराकरण किया जाता है। इस अवसर पर आरंग क्षेत्र की जनमानस के साथ भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

### व्यक्तित्व निर्माण पर आज से युवा शिविर

**आरंग।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में गायत्री परिवार ब्लॉक समन्वय समिति आरंग तथा संयोजक जिला संयुक्त समन्वय रायपुर के संयोजन में गायत्री शक्तिपीठ आरंग में 14 से 16 जून तक व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्वस्थ्य युवा सबल राष्ट्र, स्वावलम्बी युवा सम्पन्न राष्ट्र, शालीन युवा श्रेष्ठ राष्ट्र सेवाभावी युवा सुखी राष्ट्र, पर्सनालिटी डेवेलपमेंट कोर्स आपका व्यक्तित्व और बॉडी लैंग्वेज, आत्म विश्लेषण एवं आत्म परीक्षण कैसे करें, व्यक्तित्व का विकास आपका आन्तरिक व्यक्तित्व, एक मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण, व्यक्तित्व निखारना व शिष्टाचार, पर्सनैलिटी एवं कॅरियर डेवेलपमेंट इत्यादि विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## बेकाबू टैंकर की ठोकर से बाइक चालक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

नेशनल हाईवे 53 आरंग-सराईपाली मार्ग पर सतबहिनिया माता मंदिर के पास गुरुवार को सुबह 09 बजे के आसपास एक पेट्रोल टैंकर ने बाइक सवार को कुचल दिया। इस हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। आरंग थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह श्याम ने बताया कि मृतक का नाम परस निषाद पिता माखन निषाद (50) है जोकि महासमुंद जिले के ग्राम बरबसपुर का रहने वाला है।

मृतक खेती किसानी का काम करता था। गुरुवार को आरंग से अपने गांव वापस जा रहा था तभी आरंग के सतबहिनियां माता मंदिर के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार पेट्रोलियम टैंकर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही टैंकर का अगला टायर परस के कंधे को कुचलते हुए आगे निकल गया। जिससे लाश टैंकर के निचले हिस्से में फंस गई। ब्रेक लगाने के बावजूद टैंकर ने 100 मीटर तक लाश को घसीट दिया। इस दौरान उसकी बाइक भी चकनाचूर होकर टैंकर के सामने हिस्से में फंसी रही।

हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची आरंग पुलिस ने लाश को आसपास के स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला। फिर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आरंग भेज दिया गया। घटना के बाद टैंकर ड्राइवर अजय यादव मौके से फरार हो गया था, जिसे आरंग पुलिस की टीम ने घटना स्थल से कुछ दूरी पर पीछा कर हिरासत में ले लिया। पुलिस ने टैंकर को जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

पेज 11 के शेष...

### कचना ओवरब्रिज में...

महीने लगा दिए। अब सेतु विभाग ने एजेंसी से काम शुरू करवाने के बाद 18 महीने में प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए समय दिया है। हरिभूमि ने मौके का जायजा लिया तो वहां एजेंसी कर्मी कालम निर्माण में जुटे मिले। साथ ही निर्माण के लिए जरूरी सामग्री को रेलवे फाटक की दूसरी तरफ रखा है। ऐसा इसलिए किया गया, ताकि आने-जाने वालों को बरसात में परेशानी से भी बचाया जा सके। रेलवे फाटक से टर्निंग के बीच करीब 30 से ज्यादा दुकान-मकान में रहने वाले लोग काबिज हैं। इससे मौके पर अभी कालम बनाने का काम रुका है।

**कॉलोनी के लोगों को मिलेगी राहत**

रेलवे फाटक की दोनों तरफ आना-जाना करने वाले हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, गोल्डन होम सहित दो दर्जन कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को अब बड़ी राहत मिलने वाली है। इसके लिए 35 करोड़ 34 लाख की लागत से ओवरब्रिज का काम शुरू हो गया है। कचना लाइन के पास 30 से ज्यादा ऐसे लोग है, जिनका व्यवस्थापन अटका है। इससे मौके पर कालम बनाने का काम रुका है। सेतू विभाग ने जमीन खाली करवाने के लिए निगम और जिला प्रशासन से पत्र व्यवहार किया है। अभी आधे लोगों से जिम्मेदार जमीन खाली करवा पाए हैं।

### रेत के लिए नदी...

**अवैध उत्खनन के दौरान ट्रैक्टर चालक की मौतः** अभनपुर क्षेत्र के लखना रेत खदान में आधी रात को रेत माफिया के लोग रेत का अवैध उत्खनन करने पहुंचे थे। यहां भी चेन माउंटेन मशीन से उत्खनन किया जा रहा था। इस दौरान एक ट्रैक्टर चालक चेन माउंटेन मशीन के नीचे दब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक का नाम राजेश यादव बताया जा रहा है, जो ग्राम घोट का रहने वाला था। इस घटना के बाद पुलिस के साथ खनिज विभाग के अधिकारी भी जांच करने मौके पर पहुंचे। विभाग ने घटनास्थल से चेन माउंटेन मशीन को जब्ती बनाते हुए उसके मालिक पर जुर्माना लगाया है, वहीं पुलिस ने चालक की मौत के मामले में केस दर्ज किया है।

### अस्पतालों में फोटोग्राफी...

रहे वीडियो को प्रसारित होने से तत्काल रोकने के निर्देश दिए गए हैं। अपर मुख्य स्वास्थ्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ ने आयुक्त चिकित्सा शिक्षा, संचालक स्वास्थ्य सेवा, संचालक आयुष सहित चिकित्सा महाविद्यालयों के अधिष्ठाताओं को लिखे गए खत में इसका जिक्र किया है।

### आरटीआई से एडमिशन के...

तहत प्रावधान है कि सभी कक्षाओं गरीब वर्ग के बच्चों को एक निश्चित संख्या में एडमिशन दिए जाएं। इस एक्ट के तहत राज्य के सभी प्राइवेट स्कूल गरीब बच्चों को एडमिशन दे रहे हैं, लेकिन सरकार के ध्यान में ये बात आई है कि आरटीआई से एडमिशन लेने वाले बच्चों में करीब 50 प्रतिशत स्कूल छोड़ रहे हैं यानी ड्रापआउट हो रहे हैं। यह जानकारी आने का बाद स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को जांच कर यह रिपोर्ट देने कहा था कि कितने बच्चे ड्रॉप आउट हुए हैं।

### आखिरकार कब्जा मुक्त...

पा रहा था। यहां रहने वाले लोगों को कार्यक्रम करने के लिए सड़क पर पंडाल लगाना या फिर किसी दूसरे जगह का भवन लेना पड़ता था। हरिभूमि को इसकी शिकायत मिली थी, जिसके बाद सामुदायिक भवन पर कब्जा किए जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इस खबर का असर यह हुआ कि सामुदायिक भवन को कब्जा मुक्त करा लिया गया।

योजना व सांख्यिकी विभाग के निर्देश के बाद नगर निगम ने की कार्रवाई

सामुदायिक भवन पर कब्जा की खबर को संज्ञान में लेकर जिला योजना व सांख्यिकी विभाग ने जोन-4 आयुक्त को निर्देश देते हुए पत्र लिखा था कि सामुदायिक भवन को कब्जा से तत्काल मुक्त कराकर इसकी जानकारी विभाग को दे। योजना व सांख्यिकी विभाग के इस निर्देश का पालन करते हुए जोन आयुक्त ने सामुदायिक भवन को खाली कराने निगम की टीम भेजी थी। टीम ने भवन में ठहरे हुए लोगों को उनके सामान के साथ भवन से निकाल कर कब्जा मुक्त कराया। कब्जा मुक्त कराने के बाद भवन में ताला लगा दिया गया है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19(धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम-सूचना**

दिनांक 10/06/24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय राठी पिता सत्यनारायण राठी निवासी अवंति बाई चौक रायपुर की ग्राम गुमा प.ह.न. 32 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर- 19 (धनेली) तहसील धरसीवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 274/63 रकबा 0.0264 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक/ वा-तह/24 आदेश दिनांक 21/05/24 के परिपालन में दिनांक 19/06/24 को समय 11:00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो, वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नबंर 32 के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वंय अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा ।

अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-19 (धनेली)

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण व आम आदमी को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री बच्चू राम साहू, पिता श्री मिलऊ राम साहू, निवासी- साहू होटल के पास, गांधी चौक, धमतरी रोड, देवपुरी, तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. के हक, अधिपत्य व स्वामित्व की परिवर्तित भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम - देवपुरी, प.ह.न. 114/52, नया 73, रा. नि. मं. रायपुर, तहसील व जिला रायपुर, छ.ग. के अंतर्गत रायपुर विकास प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक 04, कौशल्या माता विहार ( कमल विहार), सेक्टर- 08A, भू-खण्ड क्रमांक D-80, जिसका रकबा 540 वर्गमीटर अर्थात 5810.4 वर्गफुट जो कि खसरा नंबर 367,369 ऑन लाईन भूईंया रिकॉर्ड अनुसार 367/1 व 369/1 के भाग पर स्थित भू-खण्ड जो कि विक्रेता की निजी सम्पत्ति है, को क्रय करने का पक्का सौदा कर ब्याना की राशि प्रदान कर करार नामा निष्पादन किया जा चुका है, व बकाया प्रतिफल अदायगी उपरांत बैनामा पंजीयन कराया जाना शेष है ।

उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध मे कोई भी व्यक्ति, कोई पारिवारिक सदस्य, किसी संस्था (शासकीय, अर्द्धशासकीय, वित्तीय निकाय) फर्म, समूह, कंपनी, ट्रस्ट या अन्य किसी को विक्रय करने के संबंध मे कोई दावा आपत्ति हो तो 07 दिनों के अंदर मय दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय मे उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत करें । समयावधि पश्चात की गयी दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरे पक्षकार के द्वारा अपने पक्ष में विक्रय पंजीयन की कार्यवाही करा लिया जावेगा । जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

दिनांक-13/06/2024 नीलेश कुमार देवांगन,
अधिवक्ता एन. के. देवांगन एण्ड
कं.पंचपथ पारा चौक, भोई पारा के
पास,वार्ड - ब्राम्हण पारा, रायपुर,
छ.ग., मो. 9300302418

**"उद्घोषणा"**

क्रमांक 7507/आर.सी./रा.वि.प्रा./2024
रायपुर, दिनांक 22/05/2024

प्राधिकरण की इन्द्रप्रस्थ योजना रायपुरा के अन्तर्गत श्री शंकर राव कामले पिता स्व. नकछेदीराव कामले को डूप्लेक्स/ भवन क्रमांक DE-02 रकबा 1452 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। आबंटिती के द्वारा उक्त भवन को फ्री होल्ड किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं।

उक्त डूप्लेक्स/ भवन को फ्री-होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति /दावा होवें तो इस उदघोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर प्राधिकरण के राजस्व कक्ष में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नही होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री होल्ड की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राह्य नही होगा ।

दिनांक ........ को जारी ।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक, रायपुर-16**
**तहसील व जिला-रायपुर**

**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 13/06/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कृष्णा देवी पति अशोक कुमार बजाज द्वारा आवेदित ग्राम दोन्देकला प.ह.नं. 85 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-16 स्थित खसरा नंबर 133/1, 160/8, 164, 176/3 रकबा 0.2270, 0.4090, 0.7520, 0.4050 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार धरसींवां के आदेश दिनांक 07/06/2024 के परिपालन में दिनांक 20/06/2024 को समय 2.30 बजे के पश्चात किया जाना है । अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 85 के ग्राम दोन्देकला स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैद्य अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. रायपुर 16 (सारागांव)**

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 3020 दिनांक 19.03.2009 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- ईडब्ल्यू एस-II, ब्लॉक- 48/008, को श्री नरेन्द्र कुमार लोणारे पिता श्री नील कुमार लोणारे एवं श्री धीरेन्द्र कुमार लोणारे पिता श्री नील कुमार लोणारे के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 14.10.2011 को लीजडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर फ्लैट का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्री नरेन्द्र कुमार लोणारे पिता श्री नील कुमार लोणारे एवं श्री धीरेन्द्र कुमार लोणारे पिता श्री नील कुमार लोणार निवासीः- कल्ब पारा, महासमुंद, तहसील व जिला- महासमुंद (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता श्री जशोवंत बेहरा पिता श्री लेम्बू चन्द्र बेहरा, निवासीः- 78, चुलिपुंका, बलांगीर, ओडिसा, पिन नं. 767040, को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है ।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27, में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक ईडब्ल्यू एस-II, ब्लॉक- 48/008, को विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना,**
**नवा रायपुर, अटल नगर जिला-रायपुर (छ.ग.)**



**खबर संक्षेप**

### पेंशनरों की बैठक कल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज रायपुर का मासिक बैठक पेंशनर्स समाज के सभा भवन में 15 जून को होगी। बैठक में कई विषयों पर चर्चा भी की जाएगी। समाज के प्रांताध्यक्ष चेतन भारती ने बताया कि बैठक में गरियाबंद तहसील अध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष के बीच चल रहे विवाद पर भी चर्चा की जाएगी। बैठक में प्रदेश के सभी इकाईयों के पदाधिकारी एवं रायपुर नगर के पेंशनर उपस्थित रहेंगे।

### रायपुर वाटर वर्कशाप आज

**रायपुर।** स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा राजधानी के जीई रोड स्थित शहीद स्मारक भवन सभागार में 14 जून को दोपहर 12 बजे से रायपुर वाटर वर्कशाप का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्कशाप में पांडमैन ऑफ इंडिया के नाम प्रसिद्ध रामवीर तंवर जल संरक्षण पर अपने विचार साझा करेंगे। श्री तंवर देश में जल संरक्षण, तालाबों के सौंदर्यीकरण, मृत जल निकायों को पुनर्जीवित करने और शहरी वन बनाने की दिशा में जाने जाते हैं।

**निधन**

### बीएस ग्रेगरी



**रायपुर।** कोटा निवासी सेवानिवृत्त सी एस ई बी कर्मचारी बीएस ग्रेगरी (84) का 11 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 12 जून को क्रिश्चियन कब्रिस्तान जरवाय में किया गया। वे विजेता लुईस के पिता थे।

### रिजवान बदामी



**रायपुर।** बांस टाल निवासी रिजवान बदामी का 13 जून को निधन हो गया, उन्हें मौदहापारा कब्रिस्तान में सुपुर्द-खाक किया गया। वे स्व. मासूम अली बदामी के पुत्र थे।

### नंदकिशोर शर्मा



**रायपुर।** आनंद विहार निवासी नंदकिशोर शर्मा (67) का 13 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 14 जून को दोपहर 3 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा। वे स्व. पं. दामोदर प्रसाद शर्मा के पुत्र और अभिषेक शर्मा व अमित शर्मा के पिता थे।

# अगले साल बनकर तैयार होगा नया विधानसभा भवन, पीएम मोदी से शुभारंभ की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने नए विधानसभा भवन निर्माण की समीक्षा के दौरान कहा, प्रदेश का नया विधानसभा भवन 2025 तक बनकर तैयार हो जायेगा। नए विस भवन का शुभारम्भ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों कराने की तैयारी के जा रही हैं। अध्यक्ष द्वारा समस्त कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाने व कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में प्रति माह बैठक किए जाने भी निर्देश दिए गये।

मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में नए विस भवन के निर्माण प्रगति पर चर्चा हुई है। विधानसभा अध्यक्ष ने इस कार्य में तेजी लाने और जल्द काम पूरा किये जाने के निर्देश भी दिए हैं। संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने बताया कि प्रदेश का नया विधानसभा भवन 2025 तक बनकर तैयार हो जायेगा। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ का नया विधानसभा बेहद आधुनिक होगा, इसका निर्माण कार्य 68 फीसदी पूर्ण हो चुका है। दिसम्बर तक स्ट्रक्चर का निर्माण पूरा होगा, वहीं इसके बाद इंटीरियर का काम शुरू होगा। नया विधानसभा भवन सौर ऊर्जा की बिजली से रोशन होगा। यह हिंदुस्तान के लिए उदाहरण बनेगा।

### 100 वर्षों की जरूरत की पूर्ति करने में सक्षम

बैठक में अध्यक्ष ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को नवीन विधानसभा भवन की समस्त उर्जा जरूरतों की पूर्ति के लिए सोलर टेक्नोलॉजी के समुचित उपयोग, पूरे भवन परिसर में अधिकाधिक वृक्षारोपण, वर्षा जल का पूर्ण उपयोग सुनिश्चित करते हुए वाटर हार्वेस्टिंग कार्य, संपूर्ण भवन के प्रत्येक कार्य में निर्माण सामग्री सहित उपयोग में आने वाली समस्त सामग्री में उच्च गुणवत्तायुक्त नवीन उत्पाद व टेक्नोलॉजी का समावेश व समुचित उपयोग सुनिश्चित करते हुए ऐसा भवन विकसित किए जाने के निर्देश दिए, जो आने वाले 100 वर्षों की जरूरत की पूर्ति करने में सक्षम हो।

### जून 2025 तक निर्माण पूरा होने की संभावना

नवा रायपुर में निर्माणाधीन नवीन विधानसभा भवन को लेकर मुख्य अभियंता ने बताया गया कि नवीन विधानसभा का वर्क आर्डर अगस्त, 2022 को दिया गया था। कार्य पूर्ण होने की अवधि 24 माह, 31 अगस्त 2024 तक निर्धारित किया गया है। इसमें लगभग 68 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। जून 2025 तक विधानसभा परिसर का कार्य पूर्ण होने की संभावना है।

### विधायक विश्रामगृह और कर्मचारियों के आवास भी बनेंगे

विधायक विश्रामगृह को लेकर समीक्षा की गई, जिसमें बताया गया कि नवा रायपुर सेक्टर 25 ग्राम राखी में विधायक विश्रामगृह निर्माण के लिए 44.67 एकड़ भूमि लोक निर्माण विभाग को आवंटित की गई है। विधायक विश्रामगृह के निर्माण समेत उनकी सुविधाओं को लेकर भी इस बैठक में विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। विधानसभा के अधिकारियों/कर्मचारियों के 200 शासकीय आवास निर्माण के संबंध में चर्चा हुई। आवासों के निर्माण कार्य के लिए बजट में अनुमानित लागत 45 करोड़ का प्रावधान है।

### मुख्यमंत्री और अन्य मंत्री थे मौजूद

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, संसदीय कार्य मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, वित्तमंत्री ओपी चौधरी, मुख्य सचिव अमिताभ जैन एवं विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा, लोक निर्माण विभाग तथा आवास एवं पर्यावरण विभाग, वित्त विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## बोरवेल सूख गए, नई पानी टंकी को मात्र 1 मीटर भरने से अंतिम छोर नहीं पहुंच रहा पानी

# आमासिवनी, कचना, भवानी नगर, बंजरपारा में पानी की किल्लत, टैंकर भरोसे रहवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर के आउटर वार्ड में बसी आधा दर्जन बस्तियों के रहवासी इन दिनों पानी की किल्लत से बेहद परेशान हैं। आमासिवनी की नई पानी टंकी को केवल 1 मीटर भरने से मोतीलाल नेहरू वार्ड में पिछले 1 माह से रहवासी टैंकर भरोसे हैं। आमासिवनी, कचना, भवानी नगर बंजर पारा बस्ती, भाटापारा, सतनामी पारा और बाजार चौक बस्ती के अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंच रहा है। इसके साथ ही रहवासी इलाके में लगाये गये बोरवेल तेज गर्मी की वजह से सूख गये हैं।

नगर निगम जोन 9 के मोतीलाल नेहरू वार्ड में नगर निगम पीने का साफ पानी मुहैया कराने में फिसड्डी साबित हो रहा है। आमासिवनी और कचना में जल विभाग ने नई पानी टंकी तो बनवा दी, पर वार्ड के अंतिम छोर में बसे आधा दर्जन रहवासी इलाकों में नई पाइप लाइन बिछाने के बाद भी पानी आपूर्ति बहुत कम होने से लोगों को निस्तारी और पेयजल के लिए नगर निगम के पानी टैंकर भरोसे दिन गुजारने की नौबत आई है। प्रभावित बस्ती के रहवासियों का कहना है, पिछले एक माह से उनकी बस्ती में पानी का संकट बना हुआ है। नई पानी टंकी बनाने का फायदा वार्डवासियों को अब तक नहीं मिल पाया।

### रहवासी त्रस्त, 1 महीने से पानी की किचकिच



### भुक्त भोगियों ने ये कहा-नल में पानी नहीं आ रहा

आमासिवनी बस्ती के रहवासी पिंटू साहू का कहना है 1 माह से पानी की बहुत दिक्कत हो रही है। नगर निगम ने नई पाइप लाइन बिछाकर घरों में नल कनेक्शन दिया, पर नल से पानी नहीं आ रहा है। इसका एक बड़ा कारण यहां की पानी टंकी को मात्र 1 से 1.5 मीटर भरा जाना है। अचंभे की बात ये है कि आमासिवनी की नई पानी टंकी के पास बाजार का इलाका है, वहां भी पानी नहीं पहुंच रहा। इसके अलावा भाटापारा बस्ती, पुलिस क्वार्टर, सतनामीपारा के लोग टैंकर भरोसे हैं। मोहल्ले का बोरवेल खराब पड़ा है। तालाब भी तेज गर्मी से सूख गया है।

### पानी ऊपर नहीं चढ़ रहा, रोज की किचकिच : उमाशंकर साहू

आमासिवनी के बंजरपारा में पानी पहुंचाने नगर निगम ने पाइप लाइन बिछाई, पर पानी ऊपर नहीं चढ़ रहा। ऊंचाई पर बस्ती बसी है, इसमें पाइप लाइन बिछाते समय ढाल का ध्यान नहीं रखा गया। ऐसा लगता है कि छोटा पाइप डालकर खानापूर्ति की गई है। बंजरपारा, आमासिवनी, भवानी नगर, सतनामी पारा में पेयजल संकट बना हुआ है। क्षेत्र के विधायक से नया ट्यूबवेल खनन कराने आग्रह किया है। बंजरपारा के 300 घरों में पानी की समस्या बनी हुई है।

### निगम आयुक्त से शिकायत : गोपेश

वार्ड में पानी की समस्या को लेकर पहले जोन कमिश्नर से शिकायत की। फिर निगम आयुक्त का ध्यान आकर्षित कराया है, इसके बाद भी आमासिवनी की पानी टंकी केवल 1 मीटर भरी जा रही है। इसे 4 से 5 मीटर भरा जाये तो पानी की समस्या दूर हो जायेगी।

### इंटेकवेल में नया पंप लगाएंगे

आमासिवनी पानी टंकी की जांच कराई, इसमें केवल 1 मीटर पानी भरा जा रहा है। अंतिम छोर होने की वजह से आधा दर्जन बस्तियों में पानी की किल्लत हो रही है। इसे दूर करने इंटेकवेल में नया पंप लगाने जा रहे हैं। 2 से 3 दिन में आमासिवनी और कचना पानी टंकी में 3 मीटर तक जल भराव नियमित रूप से कर पायेंगे।

**- नरसिंग फरेन्द्र**
कार्यपालन अभियंता, जल विभाग, नगर निगम रायपुर

## हाईवे पर टर्न के पास टैंकर देख नहीं पाया, बाइक चालक ने सामने से मारी टक्कर, मौके पर ही मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आरंग थाना क्षेत्र में एक बाइक की टैंकर के सामने से भिड़ंत होने की वजह से मौके पर ही बाइक चालक की मौत हो गई। घटना गुरुवार सुबह नौ बजे की है। मृतक आरंग से महासमुंद जाने के लिए निकला था।



इसी दौरान टर्निंग के पास बाइक चालक टैंकर को आता नहीं देख पाया और टैंकर के सामने भिड़ गया। टैंकर की रफ्तार इतनी ज्यादा थी कि टैंकर के चक्के में फंसकर मृतक करीब सौ मीटर तक घिसटता रहै। घटना के बाद भागने की कोशिश कर रहे टैंकर चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक टैंकर की चपेट में आने से महासमुंद, बरबसपुर निवासी परस निषाद की मौत हुई है।

पुलिस के अनुसार परस पारागांव के पास एक शौचालय से निकलने के बाद हाईवे में बने टर्निंग से अपनी बाइक को मोड़ रहा था।

बाइक टर्न करने के दौरान परस टैंकर को देख नहीं आ पाया और उसकी बाइक टैंकर के सामने भिड़ गई। टैंकर में टकराने के बाद परस अपनी बाइक सहित गिर गया। गिरने की वजह से परस का कंधा टैंकर के सामने वाले चक्का में फंस गया और वह चक्के में फंसकर घिसटता चला गया।

## पेज 11 के शेष

### कचना ओवरब्रिज में...

महीने लगा दिए। अब सेतु विभाग ने एजेंसी से काम शुरू करवाने के बाद 18 महीने में प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए समय दिया है। हरिभूमि ने मौके का जायजा लिया तो वहां एजेंसी कर्मी कालम निर्माण में जुटे मिले। साथ ही निर्माण के लिए जरूरी सामग्री को रेलवे फाटक की दूसरी तरफ रखा है। ऐसा इसलिए किया गया, ताकि आने-जाने वालों को बरसात में परेशानी से भी बचाया जा सके। रेलवे फाटक से टर्निंग के बीच करीब 30 से ज्यादा दुकान-मकान में रहने वाले लोग काबिज हैं। इससे मौके पर अभी कालम बनाने का काम रुका है।

**कॉलोनी के लोगों को मिलेगी राहत :** रेलवे फाटक की दोनों तरफ आना-जाना करने वाले हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, गोल्डन होम सहित दो दर्जन कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को अब बड़ी राहत मिलने वाली है। इसके लिए 35 करोड़ 34 लाख की लागत से ओवरब्रिज का काम शुरू हो गया है। कचना लाइन के पास 30 से ज्यादा ऐसे लोग है, जिनका व्यवस्थापन अटका है। इससे मौके पर कालम बनाने का काम रुका है। सेतू विभाग ने जमीन खाली करवाने के लिए निगम और जिला प्रशासन से पत्र व्यवहार किया है। अभी आधे लोगों से जिम्मेदार जमीन खाली करवा पाए हैं।

### रेत के लिए नदी...

**अवैध उत्खनन के दौरान ट्रैक्टर चालक की मौत:** अभनपुर क्षेत्र के लखना रेत खदान में आधी रात को रेत माफिया के लोग रेत का अवैध उत्खनन करने पहुंचे थे। यहां भी चेन माउंटेन मशीन से उत्खनन किया जा रहा था। इस दौरान एक ट्रैक्टर चालक चेन माउंटेन मशीन के नीचे दब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक का नाम राजेश यादव बताया जा रहा है, जो ग्राम घोट का रहने वाला था। इस घटना के बाद पुलिस के साथ खनिज विभाग के अधिकारी भी जांच करने मौके पर पहुंचे। विभाग ने घटनास्थल से चेन माउंटेन मशीन को जब्ती बनाते हुए उसके मालिक पर जुर्माना लगाया है, वहीं पुलिस ने चालक की मौत के मामले में केस दर्ज किया है।

### अस्पतालों में फोटोग्राफी...

रहे वीडियो को प्रसारित होने से तत्काल रोकने के निर्देश दिए गए हैं। अपर मुख्य स्वास्थ्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ ने आयुक्त चिकित्सा शिक्षा, संचालक स्वास्थ्य सेवा, संचालक आयुष सहित चिकित्सा महाविद्यालयों के अधिष्ठाताओं को लिखे गए खत में इसका जिक्र किया है।

### आरटीआई से एडमिशन के...

तहत प्रावधान है कि सभी कक्षाओं गरीब वर्ग के बच्चों को एक निश्चित संख्या में एडमिशन दिए जाएं। इस एक्ट के तहत राज्य के सभी प्राईवेट स्कूल गरीब बच्चों को एडमिशन दे रहे हैं, लेकिन सरकार के ध्यान में ये बात आई है कि आरटीआई से एडमिशन लेने वाले बच्चों में करीब 50 प्रतिशत स्कूल छोड़ रहे हैं यानी ड्रापआउट हो रहे हैं। यह जानकारी आने का बाद स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को जांच कर यह रिपोर्ट देने कहा था कि कितने बच्चे ड्रॉप आउट हुए हैं।

### आखिरकार कब्जा मुक्त...

पा रहा था। यहां रहने वाले लोगों को कार्यक्रम करने के लिए सड़क पर पंडाल लगाना या फिर किसी दूसरे जगह का भवन लेना पड़ता था। हरिभूमि को इसकी शिकायत मिली थी, जिसके बाद सामुदायिक भवन पर कब्जा किए जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इस खबर का असर यह हुआ कि सामुदायिक भवन को कब्जा मुक्त करा लिया गया।

**योजना व सांख्यिकी विभाग के निर्देश के बाद नगर निगम ने की कार्रवाई:** सामुदायिक भवन पर कब्जा की खबर को संज्ञान में लेकर जिला योजना व सांख्यिकी विभाग ने जोन-4 आयुक्त को निर्देश देते हुए पत्र लिखा था कि सामुदायिक भवन को कब्जा से तत्काल मुक्त कराकर इसकी जानकारी विभाग को दे। योजना व सांख्यिकी विभाग के इस निर्देश का पालन करते हुए जोन आयुक्त ने सामुदायिक भवन को खाली कराने निगम की टीम भेजी थी। टीम ने भवन में ठहरे हुए लोगों को उनके सामान के साथ भवन से निकाल कर कब्जा मुक्त कराया। कब्जा मुक्त कराने के बाद भवन में ताला लगा दिया गया है। इस कार्रवाई के बाद अब सामुदायिक भवन को सिर्फ कार्यक्रम आयोजित करने के लिए ही दिया जाएगा।

## भाजपा पार्षद दल 18 को महापौर कक्ष के सामने नगाड़ा बजाकर करेगा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा पार्षद दल मंगलवार को नगर निगम के महापौर के सामने दोपहर 12 बजे नगाड़ा बजाकर विरोध प्रदर्शन करेगा। नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे के नेतृत्व में भाजपा पार्षद जल संकट की समस्या, अमृत मिशन योजना के क्रियान्वयन में लेटलतीफी, ट्रेजर आईलैंड पर 17 करोड़ की बकाया राशि को 2.50 करोड़ करने पर सवाल उठायेगा। इसके साथ ही बारिश में जलभराव से निपटने निगम की तैयारी की जानकारी लेगा।

गांधी सदन में गुरुवार को भाजपा पार्षद दल की बैठक नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे के कक्ष में आयोजित की गई। भाजपा पार्षदों ने शहर में जल संकट से लोगों को हो रही परेशानी का जिक्र करते हुए कहा कि निगम प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराने के बाद भी कई वार्डों में पेयजल की समस्या बनी रहना गंभीर विषय है। भाजपा पार्षदों ने महापौर की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाये।

नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे बैठक में कहा पेयजल के लिए लोगों को दर-दर भटकना पड़ रहा है। अमृत मिशन योजना में करोड़ों खर्च कर काम करवाये गये पर इसका समुचित लाभ शहर की आम जनता को नहीं मिल पाया। नगर निगम सीमा क्षेत्र में निर्मित पानी टंकी से किस वार्ड में कितना पानी जाना है, इसका सही आकलन आज तक नगर निगम के अधिकारी नहीं कर पाये। ऐसे दोषी अधिकारियों पर उचित कार्रवाई की जानी चाहिए।

### ट्रेजर आईलैंड से निगम को 15 करोड़ के नुकसान पर सवाल

एक तरफ शहरी सरकार की परिषद ट्रेजर आईलैंड से निगम को 15 करोड़ का नुकसान के मामले को लेकर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार से मिलने की तैयारी में है। वहीं भाजपा पार्षद दल इस मामले में महापौर की चुप्पी पर सवाल उठाने और उनका ध्यान आकर्षित कराने नगाड़ा बजाकर विरोध करेगा। अभी तक इस विषय में कार्रवाई क्यों नहीं की गई, इसका जवाब भी 18 जून को मांगा जायेगा। नेता प्रतिपक्ष के कक्ष में आयोजित बैठक में उपनेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष सूर्यकांत राठौर, प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे, जोन अध्यक्ष डॉ. प्रमोद साहू, सरिता वर्मा, दीपक जायसवाल, भोलाराम साहू, नारद कौशल, चंद्रपाल धनगर, कामिनी देवांगन, सरिता दुबे, सुशीला धीवर, सीमा-मुकेश कंदोई, विश्वदिनी पांडे, कमलेश वर्मा, सावित्री-जयमोहन साहू, टेसू नंद किशोर साहू, गोपेश साहू, तिलक पटेल, सुमन राम प्रजापति, रोहित साहू, रवि ध्रुव उपस्थित रहे।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम-सूचना**

दिनांक 10/06/24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय राठी पिता सत्यनारायण राठी निवासी अवंति बाई चौक रायपुर की ग्राम गुमा प.ह.न. 32 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर- 19 (धनेली) तहसील धरसीवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 274/63 रकबा 0.0264 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक/ वा-तह/24 आदेश दिनांक 21/05/24 के परिपालन में दिनांक 19/06/24 को समय 11:00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो, वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नबंर 32 के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वंय अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा ।

**अतः सूचना जानें।**

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-19 (धनेली)

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण व आम आदमी को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री बच्चू राम साहू, पिता श्री मिलऊ राम साहू, निवासी- साहू होटल के पास, गांधी चौक, धमतरी रोड, देवपुरी, तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. के हक, अधिपत्य व स्वामित्व की परिवर्तित भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम - देवपुरी, प.ह.न. 114/52, नया 73, रा. नि. मं. रायपुर, तहसील व जिला रायपुर, छ.ग. के अंतर्गत रायपुर विकास प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक 04, कौशल्या माता विहार ( कमल विहार), सेक्टर-08A, भू-खण्ड क्रमांक D-80, जिसका रकबा 540 वर्गमीटर अर्थात 5810.4 वर्गफुट जो कि खसरा नंबर 367,369 ऑन लाईन भूईंया रिकॉर्ड अनुसार 367/1 व 369/1 के भाग पर स्थित भू-खण्ड जो कि विक्रेता की निजी सम्पत्ति है, को क्रय करने का पक्का सौदा कर ब्याना की राशि प्रदान कर करार नामा निष्पादन किया जा चुका है, व बकाया प्रतिफल अदायगी उपरांत बैनामा पंजीयन कराया जाना शेष है ।

उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध मे कोई भी व्यक्ति, कोई परिवारिक सदस्य, किसी संस्था (शासकीय, अर्द्धशासकीय, वित्तीय निकाय) फर्म, समूह, कंपनी, ट्रस्ट या अन्य किसी को विक्रय करने के संबंध मे कोई दावा आपत्ति हो तो 07 दिनों के अंदर मय दस्तावेज़ सहित मेरे कार्यालय मे उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत करें । समयावधि पश्चात की गयी दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरे पक्षकार के द्वारा अपने पक्ष में विक्रय पंजीयन की कार्यवाही करा लिया जावेगा । जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

**सो सूचना जानें।**

दिनांक-13/06/2024

नीलेश कुमार देवांगन,
अधिवक्ता एन. के. देवांगन एण्ड कं.पंचपथ पारा चौक, भोई पारा के पास,वार्ड - ब्राम्हण पारा, रायपुर, छ.ग., मो. 9300302418

**"उद्घोषणा"**

क्रमांक 7507/आर.सी./रा.वि.प्रा./2024
रायपुर, दिनांक 22/05/2024

प्राधिकरण की इन्द्रप्रस्थ योजना रायपुरा के अन्तर्गत श्री शंकर राव कामले पिता स्व. नकछेदीराव कामले को डूप्लेक्स/ भवन क्रमांक DE-02 रकबा 1452 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। आबंटिती के द्वारा उक्त भवन को फ्री होल्ड किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं।

उक्त डूप्लेक्स/ भवन को फ्री-होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति /दावा होवें तो इस उदघोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर प्राधिकरण के राजस्व कक्ष में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नही होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री होल्ड की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राहय नही होगा ।

दिनांक ........ को जारी ।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक, रायपुर-16 तहसील व जिला-रायपुर**

**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 13/06/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कृष्णा देवी पति अशोक कुमार बजाज द्वारा आवेदित ग्राम दोन्देकला प.ह.नं. 85 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-16 स्थित खसरा नंबर 133/1, 160/8, 164, 176/3 रकबा 0.2270, 0.4090, 0.7520, 0.4050 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार धरसीवां के आदेश दिनांक 07/06/2024 के परिपालन में दिनांक 20/06/2024 को समय 2.30 बजे के पश्चात किया जाना है । अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 85 के ग्राम दोन्देकला स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैद्य अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. रायपुर 16 (सारागांव)**

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 3020 दिनांक 19.03.2009 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- ईडब्ल्यू एस-।।, ब्लॉक- 48/008, को श्री नरेन्द्र कुमार लोणारे पिता श्री नील कुमार लोणारे एवं श्री धीरेन्द्र कुमार लोणारे पिता श्री नील कुमार लोणारे के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 14.10.2011 को लीजडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर फ्लैट का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्री नरेन्द्र कुमार लोणारे पिता श्री नील कुमार लोणारे एवं श्री धीरेन्द्र कुमार लोणारे पिता श्री नील कुमार लोणार निवासीः- कल्ब पारा, महासमुंद, तहसील व जिला- महासमुंद (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता श्री जशोवंत बेहरा पिता श्री लेम्बू चन्द्र बेहरा, निवासीः- 78, चुलिपुंका, बलांगीर, ओडिसा, पिन नं. 767040, को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है ।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27, में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक ईडब्ल्यू एस-।।, ब्लॉक- 48/008, को विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना,**
**नवा रायपुर, अटल नगर जिला-रायपुर (छ.ग.)**



## खबर संक्षेप

### बृजमोहन की आज विजय आभार रैली



**रायपुर।** रायपुर लोकसभा से जीतने वाले बृजमोहन अग्रवाल की विजय आभार रैली शुक्रवार को निकलेगी। भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में जिला भाजपा अध्यक्ष जयंती पटेल के नेतृत्व में रायपुर शहर जिला की बैठक में रैली का मार्ग तय किया गया। इसी के साथ रैली के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की गई एवं जिम्मेदारियां बांटी गईं। रैली की शुरुआत उरला क्षेत्र में स्थित बंजारी माता मंदिर में मां बंजारी का आशीर्वाद प्राप्त कर की जाएगी। जगह-जगह स्टेज लगाकर पुष्पवर्षा एवं आतिशबाजी सहित मिठाई वितरण भी किया जाएगा।

### गर्भ के चिकित्सीय समापन के लिए बोर्ड का गठन

**रायपुर।** राज्य सरकार ने गर्भ का चिकित्सकीय समापन करने के लिए अधिनियम के तहत राज्य के हर जिले में एक मेडिकल बोर्ड का गठन किया है। इस बोर्ड में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट या सोनोलॉजिस्ट तथा कुछ अन्य सदस्य शामिल होंगे।

### आगजनी की जांच के बाद हो कार्रवाई, समाज से शांति बनाए रखने की अपील

**रायपुर।** जैतखंब में तोड़फोड के विरोध में धरना-प्रदर्शन के बीच हुई आगजनी की घटना को लेकर वाट्स एप में कई तरह की भ्रामक जानकारी फैलाई जा रही है। समाज के लोगों को इससे बचने और शांति व्यवस्था बनाए रखने की जरूरत है। घटना को जिन लोगों ने अंजाम दिया है, वह किसी लिहाज से सही नहीं है। हम इसकी निंदा करते हैं। अभी जिनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, उसकी पुख्ता जांच कराई जाए। शासन-प्रशासन द्वारा किसी भी निर्दोष को परेशान न किया जाए। यह अपील गुरुवार की शाम महाराष्ट्र मंडल में पत्रकारवार्ता के दौरान सामाजिक सद्भावना मंच के राजमहंत बंशीलाल कुर्रे, डॉ. एसएल निराला ने की।

### रोमांचक मैच में टीम ब्रह्मा बॉयज ने जीता मैच



**रायपुर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा एवं छत्तीसगढ़ कायस्थ समाज के तत्वावधान में आयोजित रात्रिकालीन कायस्थ प्रीमियर लीग प्रतियोगिता में मंगलवार को ब्रह्मा बॉयज एवं राजनांदगांव नाइट राइडर के बीच जबरदस्त मैच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए राजनांदगांव की टीम ने युवराज के शतक 104 रन के साथ 147 रन बनाए, जिसकी चुनौती स्वीकार करते हुए ब्रह्मा बॉयज की टीम ने विश्वंशु श्रीवास्तव के शतक के साथ विजय का टारगेट पूरा कर तीन विकेट से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच विश्वंशु श्रीवास्तव रहे। इसका फाइनल मैच 16 जून को सुभाष स्टेडियम में होगा। बहुत ही रोमांचक मैच में दर्शकों ने खिलाड़ियों के खेल कौशल की सराहना की। इस प्रतियोगता में पूरे छत्तीसगढ़ के कायस्थ समाज के युवाओं ने भाग लिया।

# सांसदों से जामवाल ने कहा- क्षेत्र की समस्याओं को सदन में प्रमुखता से उठाने पर करें फोकस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने गुरुवार को सभी सांसदों से कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में वन टू वन जहां लोकसभा चुनाव का पूरा फीडबैक लिया, वहीं सभी से अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा सक्रिय रहने के लिए भी कहा। अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को सदन में प्रमुखता से उठाने पर फोकस करने के लिए कहा है।

लोकसभा चुनाव में भाजपा ने इस बार दस सीटें जीती हैं। एक ही केंद्र में एनडीए की सरकार बनने के बाद अब प्रदेश संगठन भी सक्रिय हो गया है। पहली बार क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने सभी सांसदों को ठाकरे परिसर बुलाया। ठाकरे परिसर में सुबह से लेकर दोपहर तक एक-एक सांसद से अलग-अलग बात करके उनकी बात सुनी और चुनाव को लेकर फीडबैक भी लिया। इस बैठक में रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, दुर्ग के विजय बघेल, राजनांदगांव के संतोष पांडेय, कांकेर के भोजराज नाग, बस्तर के महेश कश्यप, महासमुंद की रूप कुमारी चौधरी, सरगुजा के चिंतामणि महाराज, रायगढ़ के राधेश्याम राठिया और जांजगीर चांपा की श्रीमती कमलेश जांगड़े शामिल हुईं। केंद्रीय मंत्री बनाए गए बिलासपुर के सांसद तोखन साहू दिल्ली में होने के कारण बैठक में नहीं आए। बैठक के बाद ज्यादातर सांसदों ने यही कहा, औपचारिक मुलाकात थी। राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडेय ने बताया, लोकसभा चुनाव का फीडबैक लिया गया है। अधिक से अधिक अपने क्षेत्र की जनता के संपर्क में रहने के निर्देश दिए गए हैं। इसी के साथ चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा करने के भी निर्देश गए हैं। अपने क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से सदन में उठाने को कहा गया है।

■ एक-एक सांसद से वन टू वन लोकसभा चुनाव का पूरा फीडबैक लिया



## वन अफसरों के साथ मिलकर डीआरआई ने ओडिशा में ज्वाइंट ऑपरेशन किया

# वन अपराध रोकने अंतर्राज्यीय तस्करों पर कार्रवाई में पहली बार डीआरआई शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

**खास खबर**

वन अपराध रोकने तथा इंटर स्टेट वन अपराधियों पर अंकुश लगाने उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के वन अफसर केंद्रीय एजेंसी डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटिलिजेंस (डीआरआई) की भी मदद ले रहे हैं। एक मामले में ओडिशा के वन अपराधियों के पास तेंदुआ के साथ भारी मात्रा में पैंगोलिन खाल होने की सूचना मिलने पर छापे की कार्रवाई की। छापे की कार्रवाई में कोई विशेष सफलता तो हाथ नहीं लगी, लेकिन छापे की कार्रवाई में दो लोगों के कब्जे से 160 नग पैंगोलिन खाल जब्त की गई। हालांकि डीआरआई ने किसी तरह से प्रकरण दर्ज करने के बजाय मामला वन अफसरों को ट्रांसफर कर दिया।

उदंती-सीतानदी के डिप्टी डायरेक्टर वरुण जैन के मुताबिक उत्तरी तथा दक्षिणी कालाहांडी में शेड्यूल-1 प्रजाति के वन्यजीव पैंगोलिन तथा तेंदुआ खाल होने की सूचना मिलने पर छापे की कार्रवाई की गई। छापे की कार्रवाई में डीआरआई की टीम के साथ ओडिशा वन अफसरों की टीम को शामिल किया गया। छापे की कार्रवाई में दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पैंगोलिन खाल की जब्ती की गई। अफसर के अनुसार तेंदुआ खाल के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। इसके लिए छापे की कार्रवाई लगातार जारी है।

## तेंदुआ खाल होने की सूचना पर वन अफसरों ने डीआरआई की मदद ली

### इसलिए डीआरआई को किया शामिल

वन अफसर के अनुसार ओडिशा के तस्कर उदंती-सीतानदी में वन अपराध की घटना को अंजाम देने के बाद ओडिशा चले जाते हैं। इसके कारण वन अपराधियों पर कार्रवाई करने की प्रक्रिया पूरी करने में समय लगता था। इस बात को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई में केंद्रीय एजेंसी को शामिल किया गया है। हालांकि वन अफसरों ने ओडिशा में छापे की कई बड़ी कार्रवाई करते हुए जंगल में कब्जा करने वालों के साथ वन्यजीवों का शिकार करने वाले अपराधियों पर नकेल कसते हुए उनकी गिरफ्तारी की है।



### डीआरआई की मदद से कार्रवाई की गई

वन अपराधियों के पास तेंदुआ तथा पैंगोलिन की खाल होने की सूचना पर ओडिशा वन अफसरों के साथ डीआरआई की मदद से छापे की कार्रवाई की गई। कार्रवाई में 160 नग पैंगोलिन खाल जब्त करने के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आने वाले दिनों में इंटर स्टेट तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करने डीआरआई की मदद ली जाएगी।

**- वरुण जैन,** डिप्टी डायरेक्टर, उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व

### कार्रवाई में पहली बार केंद्रीय एजेंसी शामिल

गौरतलब है कि वन अफसरों ने वन्यजीव अपराध में छापे की कार्रवाई में किसी केंद्रीय एजेंसी को शामिल किया है। केंद्रीय एजेंसी के शामिल होने से दूसरे राज्य में जाकर रेड कार्रवाई करने में आसानी होती है, इसी वजह से केंद्रीय एजेंसी को छापे की कार्रवाई में शामिल करने की बात जानकार कह रहे हैं। डीआरआई तथा वन अफसरों की टीम ने छापे की कार्रवाई ओडिशा के उत्तरी तथा दक्षिणी कालाहांडी में की है।

## छोटे व्यापारियों को प्राथमिकता

# ट्रेनों की पार्सल बोगी को अब लीज पर देगा रेलवे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों के सामान को ट्रेनों के माध्यम से एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन भेजने के लिए पार्सल बोगी, एसएलआर की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। रेल प्रबंधन पार्सल परिवहन की क्षमता में वृद्धि करने एवं व्यापारियों को अधिकाधिक माल ढुलाई की सुविधा उपलब्ध कराने पार्सल बोगी (एसएलआर) को लीज पर देगा। इसमें कोरबा-विशाखापत्तनम, कोरबा-त्रिवेन्द्रम व कोरबा-यशवंतपुर अन्य ट्रेन शामिल है।

एसईसीआर द्वारा पार्सल बुकिंग के लिए मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों में पार्सल कार्यालय की सुविधा प्रदान की गई है, यहां यात्रियों द्वारा अपने सामान को किसी भी पार्सल आधारित स्टेशनों के लिए बुक कर पार्सल बोगी में भेजा जाता है। रेलवे की पार्सल सेवाएं छोटे व्यापारियों व यात्रियों की माल ढुलाई का एकमात्र सुविधाजनक साधन है। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए छोटे-बड़े व्यापारियों को प्रतिस्पर्धी दर के साथ सुरक्षित पार्सल-माल परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए रेलवे प्रशासन द्वारा ट्रेनों की पार्सल बोगी को लीज पर देने की व्यवस्था की गई है।

इसी के तहत छोटे एवं बड़े वर्ग के व्यापारी अपने माल एवं सामान को तेज, विश्वसनीय, सुरक्षित और सस्ते तरीके से ढुलाई के लिए इन पार्सल सेवाओं का निरंतर उपयोग कर रहे हैं।

■ लीज ट्रेनों की सूची में कोरबा-विशाखापटनम, कोरबा-त्रिवेंद्रम व कोरबा-यशवंतपुर तथा अन्य ट्रेन शामिल

### वेबसाइट पर जारी की जाएगी ई-निविदा

मंडल से चलने वाली ट्रेनों की पार्सल बोगी (एसएलआर) को लीज पर देने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट पर ई-निविदा जारी की जाएगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि मंडल से चलने वाली 17481 बिलासपुर-तिरुपति, 20845 बिलासपुर-बीकानेर, 18517 कोरबा-विशाखापत्तनम, 22647 कोरबा-त्रिवेन्द्रम, 12252 कोरबा-यशवंतपुर, 22407 अंबिकापुर-निज़ामुद्दीन, 12409 रायगढ़-निजामुद्दीन, 18234 बिलासपुर-इंदौर एक्सप्रेस जैसी लंबी दूरी की ट्रेनों को लीज पर दिया जाएगा। चूंकि लीज होल्डर को गाड़ी के प्रारंभिक स्टेशन के साथ यात्रा मार्ग के सभी पार्सल आधारित स्टेशनों में पार्सल लोडिंग-अनलोडिंग की सुविधा प्राप्त होती है, इसलिए यह लीज होल्डरों के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है।

## आलू-प्याज-टमाटर फिर खाने लगे भाव

# बरबट्टी, धनिया, करेला, मुनगा समेत कई सब्जियों की कीमत 80 से 100 रुपए पार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

गर्मी में सब्जियों का उत्पादन कम होने का असर लगातार उनकी कीमतों पर पड़ रहा है। पिछले लगभग माहभर से सब्जियों की आवक थोक मंडी में कम हो गई है। इसके कारण इनकी कीमत में लगातार वृद्धि देखी जा रही है।

गुरुवार को सब्जियों के भाव में और बढ़ोतरी हुई है, जिसके कारण टमाटर, प्याज के साथ बरबट्टी, करेला, हरी धनिया सहित अन्य कई सब्जियों के भाव में 5 रुपये से लेकर 10 रुपये तक इजाफा हुआ है। थोक में भाव बढ़ते ही चिल्हर में भी सब्जियां और महंगी हो गई हैं। हालांकि चिल्हर में थोक की तुलना में डेढ़ से दोगुना भाव में बिक रही हैं। चिल्हर में टमाटर 40 से 50 रुपये, प्याज 40, हरी धनिया 160, बरबट्टी, करेला, मुनगा 80 से 100 रुपये किलो तक पहुंच गए हैं। अन्य सब्जियां भी 40 से 60 रुपये किलो है।



### सब्जियों के भाव प्रति किलो

| | थोक | चिल्हर |
|---|---|---|
| टमाटर | 25-30 | 40-50 |
| बरबट्टी | 55-60 | 80-100 |
| मुनगा | 45-50 | 60-80 |
| करेला | 45-50 | 70-80 |
| शिमला मिर्च | 35-40 | 55-60 |
| हरी धनिया | 100-110 | 140-160 |
| लौकी | 20-25 | 40 |
| पत्तागोभी | 20-25 | 40 |
| कल्याणीभाटा | 20-25 | 40 |
| कोचई | 30-35 | 50-60 |
| तोरई | 30-35 | 50-60 |
| प्याज | 22-25 | 40 |
| कुंदरू | 35-40 | 50-60 |
| गाजर | 22-25 | 35-40 |
| मूली | 20-25 | 35-40 |
| खीरा | 15-20 | 30 |

### सागभाजी भी 80 रुपए किलो तक पहुंची

सागभाजी में पालक, लालभाजी, चौलाई आदि भी अब चिल्हर में 80 रुपये किलो तक पहुंच गई है, जबकि दो सप्ताह पहले तक ये सभी भाजी 40 से 50 रुपये किलो थी।

### बारिश सीजन में भाव गिरने की संभावना कम

श्रीराम थोक सब्जी विक्रेता समिति डूमरतराई के अध्यक्ष टी.श्रीनिवास रेड्डी ने बताया कि सब्जी उत्पादक राज्यों में इस साल जमकर गर्मी पड़ी है। इसके कारण सब्जियों के उत्पादन में भारी कमी आई है। सब्जियों का उत्पादन घटने के कारण दूसरे राज्यों से छत्तीसगढ़ की थोक मंडी में आने वाली सब्जियों की आवक भी घटकर 25 से 30 प्रतिशत हो गई है। इसके कारण ज्यादातर सब्जियों के भाव बढ़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि गर्मी के बाद बारिश का सीजन शुरू हो जाएगा। इस सीजन में भी सब्जियों का उत्पादन कम होता है, जिससे आवक भी कम रहेगी। इसके कारण आगामी दिनों में सब्जियों के भाव गिरने की संभावना बहुत कम है। लौकी-पत्तागोभी भी 40 रुपये किलो बिकने लगी है। एक सप्ताह पहले तक लौकी और पत्तागोभी के भाव गिरे हुए थे। थोक में 8 से 12 रुपये एवं चिल्हर में 20 रुपये चल रही दोनों सब्जी किलो में अब 40 रुपये तक पहुंच गई है।

# रमन ने साय सरकार के 6 माह के कार्यकाल को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उनकी सरकार के कार्यों की जमकर तारीफ की है। इस पर सीएम साय ने रमन सिंह का आभार जताते हुए कहा, आभारी हूं आपका। आपके इन शब्दों से न केवल उत्साह बढ़ा है, बल्कि और अधिक बेहतर करने की प्रेरणा भी मिली है।

डॉ. रमन सिंह ने वीडियो जारी कर कहा, छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के 6 माह का कार्यकाल निश्चित रूप से पिछली कई सरकार से और देश में भी कई सरकारों से अभूतपूर्व रहा है। इन छह महीनों में सरकार द्वारा बड़े निर्णय लिए गए। मोदी की गारंटी संकल्प पत्र के अनुरूप कार्य करते हुए साय सरकार ने मात्र 6 महीने में ही 3100 प्रति क्विंटल के हिसाब से धान खरीदी की, 2 साल का बकाया बोनस 3716 करोड़ किसानों के खातों में पहुंचा, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों के लिए पक्के आवास की स्वीकृति दी, महतारी वंदन योजना से 70 लाख से ज्यादा माताओं-बहनों को प्रति माह 1000 की सहायता राशि सुनिश्चित कर प्रदेश की सरकार ने अद्भुत कार्य किया है। सभी योजनाओं का क्रियान्वयन शत-प्रतिशत हुआ है। शुरुआत के छह महीनों में विष्णु सरकार का प्रदर्शन बेहतर रहा है।



■ सीएम साय ने जताया आभार

### संवर रहा छत्तीसगढ़

इधर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार के आज 6 महीने पूरे हुए। इस पर भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़ का सोशल मीडिया में हैशटैग अभियान संवर रहा छत्तीसगढ़ टॉप ट्रेंडिंग कर रहा है। समूचे छत्तीसगढ़ से आम लोगों का इसे भरपूर समर्थन मिल रहा है। लोग उत्सुकतापूर्वक विष्णु सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की फोटो, वीडियो, ग्राफिक्स को सोशल मीडिया के सारे प्लेटफॉर्म में पोस्ट और शेयर कर रहे हैं।

# अमित बोले- बलौदाबाजार घटना की हाईकोर्ट के जज से कराएं जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



■ पुलिस कर रही निर्दोष लोगों पर कार्रवाई

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने बलौदाबाजार की घटना पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, घटना के माध्यम से छत्तीसगढ़ के सतनामी समाज को बदनाम करने की साजिश की गई है। पुलिस द्वारा निर्दोष लोगों को गिरफ्तार कर मुकदमा दायर किया जा रहा है, जिसे तत्काल वापस लिए जाने की आवश्यकता है। इस घटना की जांच उच्च न्यायालय के पदेन न्यायाधीश से कराने की मांग की है। उन्होंने बलौदा बाजार जिले का नाम बाबा गुरु घासीदास के नाम पर करने की मांग की है। उन्होंने कहा, पूर्व में कांग्रेस की सरकार ने भी सतनामी समाज के धर्म स्थलों और लोगों को विशेष रूप से टारगेट किया। कांग्रेस और भाजपा ओछी और छुआछूत प्रवृत्ति का परिचय दे रही हैं। दोनों पार्टियों ने सतनामी समाज को सिर्फ वोट बैंक की नजर से देखा है। सरकार अपनी प्रशासनिक गलती को छिपाने बर्बरतापूर्वक एक समाज विशेष के लोगों पर कार्रवाई कर रही है, इस पर तत्काल रोक लगनी चाहिए।

### बलौदाबाजार घटना की उच्च स्तरीय कमेटी से जांच कराएं



**रायपुर।** पूर्व मंत्री एवं रायपुर ग्रामीण के पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा ने पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर कहा, गिरौदपुरी में जैतखंब को तोड़फोड़ करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के लिये सतनामी समाज लोकतांत्रिक तरीके से विरोध-प्रदर्शन करने इक्कठे हुये थे। कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ एवं आगजनी की गई। पुलिस पूरे सतनामी समाज को अपराधी ठहरा रही है। उन्होंने मामले में उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर तथ्यों की सूक्ष्म जांच की मांग की है। श्री शर्मा ने पुलिस को आड़े हाथ लेते हुये कहा, अराजक लोगों द्वारा किये गये कार्यों के कारण पुलिस समस्त सतनामी समाज पर बर्बर तरीके से अत्याचार कर रही है, जो अमानवीय एवं मानव अधिकार का सीधा उल्लंघन है। उन्होंने इस मामले में निर्दोष लोगों को फंसाने, अमानवीय कार्यवाही पर रोक लगाने तथा असामाजिक तत्वों पर कठोर कार्रवाई किये जाने की मांग की है।




## बिजनेस साइट

# कोलंबिया ग्लोबल स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते पदक

**रायपुर।** सातवीं राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन कोलंबिया ग्लोबल स्कूल में किया गया। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों से खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कोलंबिया ग्लोबल स्कूल से खिलाड़ियों ने रायपुर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए कई पदक प्राप्त किए।

सीनियर बालिका वर्ग में साक्षी वर्मा ने स्वर्ण पदक व मुस्कान वर्मा ने रजत पदक प्राप्त किया। जूनियर बालक वर्ग में सौम्य वर्मा ने रजत पदक प्राप्त किया। जूनियर बालिका वर्ग में वीणा सिंह ठाकुर ने रजत पदक, रोहिणी प्रसाद ने कांस्य पदक व संस्कृति ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। सब जूनियर बालिका वर्ग में अंतरा वर्मा ने कांस्य पदक व कनिष्क वर्मा ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। कोलंबिया ग्लोबल स्कूल के डायरेक्टर रविंदर सिंग हूरा, प्राचार्य आईविन स्मिथ, जन प्रगति एजूकेशन सोसायटी के अध्यक्ष किशोर जादवानी, सचिव हरजीत सिंग हूरा व खिलाड़ियों के योग कोच नामेश कुमार साहू सहित समस्त कोलंबिया प्रबंधन ने खिलाड़ियों की सराहना की।



# राज-राजेश्वरी आयुर्वेद चिकित्सा केंद्र में मिलती है राहत

**रायपुर।** पंडरी और फाफाडीह में स्थित 12 बिस्तरों वाला राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केंद्र, राज्य और आंचलिक का पहला आयुर्वेदिक चिकित्सा केंद्र है, जिसकी लोकप्रियता आज संपूर्ण छत्तीसगढ़ में फैली हुई है। 12 बिस्तरों वाले इस चिकित्सा केंद्र में विशिष्ट, न्यूरो-पंचकर्म की चिकित्सा प्रदान की जाती है। यह एक आयुर्वेद चिकित्सा है, जो कि रीढ़ के हड्डियों एवं नसों से संबंधित बीमारियों के इलाज के लिए की जाती है एवं अकड़न एवं पीड़ा से पीड़ित मरीज की तकलीफ दूर की जाती है। 22 साल के अनुभव एवं शोध से राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केंद्र के संचालक डॉ केबी श्रीनिवास राव द्वारा तैयार किया गया है। यह एक चिकित्सा प्रणाली है, जो 10-15 दिन चिकित्सा केंद्र में मरीज को भर्ती कर विभिन्न प्रकार की आयुर्वेदिक पद्धति एवं दवाओं द्वारा चिकित्सा प्रदान कर मरीज की तकलीफ को दूर किया जाता है।



■ रीढ़ की हड्डियों एवं नसों से संबंधित बीमारियों का इलाज



## सिटी इवेंट

### म्यू थाई जूनियर थाईलैंड में भारत का प्रतिनिधि करेंगे घृतेश



**रायपुर।** गुवाहाटी, असम में बीते माह आयोजित में राष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप में 29 राज्यों के लगभग 850 खिलाड़ी शामिल हुए थे। इनमें श्री गुजराती स्कूल के 5 विद्यार्थियों ने भी पदक जीते हैं। घृतेश साहू को स्वर्ण पदक तथा टिकेश्वरी साहू, पल्लवी साहू, मानसी तांडी और मंजू साहू ने कांस्य पदक जीते हैं। इन्हें विद्यालय द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान प्राचार्य अनीस मेमन, सरंक्षण समिति के सदस्य जयंती पटेल, नारायण पटेल, अशोक पटेल, दिनेश पटेल सहित अन्य मौजूद रहे। उन्हें छात्रों ने अपनी उपलब्धियों से अवगत कराया। अतिथियों ने छात्रों को बेहतर प्रदर्शन पर बधाई देते हुए खेल की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

#### सितंबर में होगी प्रतियोगिता

सितंबर 2024 में थाईलैंड में प्रस्तावित आगामी अंतरराष्ट्रीय जूनियर व सब जूनियर वर्ग (17 वर्ष के अंदर) की म्यू थाई चैंपियनशिप के लिए शाला के कक्षा 8वीं के छात्र घृतेश साहू का चयन भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए हुआ है। साथ ही यदि अन्य राज्यों के स्वर्ण या रजत पदक विजेता खिलाड़ी किसी वजह से नहीं जा पाएंगे तो कांस्य पदक विजेता खिलाड़ियों का चयन भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए होगा। इस अवसर पर विद्यार्थियों के प्रोत्साहन के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयनित पात्र विद्यार्थियों को भविष्य में आर्थिक सहयोग किए जाने का भी आश्वासन दिया गया।

## एजूकेशन अपडेट

### जून तक दर्ज करा सकते हैं एसएससी जेई पर दावा आपत्ति

**रायपुर।** केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के अधीन तमाम विभागों एवं संगठनों में जूनियर इंजीनियर (सिविल, मेकेनिकल और इलेक्ट्रिकल) के घोषित रिक्त पदों पर भर्ती के लिए निर्धारित चयन प्रक्रिया के अंतर्गत पहले चरण में आयोजित पेपर-1 लिखित परीक्षा के लिए अनौपचारिक उत्तर-कुंजियां जारी कर दी गई हैं। इसके साथ ही एसएससी ने जूनियर इंजीनियर पेपर-1 आंसर-की डाउनलोड लिंक को आधिकारिक वेबसाइट, ssc.gov.in पर एक्टिव कर दिया है। जो उम्मीदवार 5 जून से 7 जून तक देशभर के विभिन्न शहरों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, वे आंसर-की डाउनलोड करने के साथ ही आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं।





#### नेट 18 को, 83 विषयों में असिस्टेंट

प्रोफेसर के लिए होगी परीक्षा एनटीए आगामी 18 जून को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा के जून-2024 सत्र का आयोजन करने जा रहा है। इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन किए उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र परीक्षा तिथि से 3-4 दिन पहले जारी कर दिए जाएंगे। इससे पहले एनटीए ने उम्मीदवारों को आवंटित परीक्षा शहर (एग्जाम सिटी) की सूचना जारी की थी। परीक्षा निर्धारित 83 विषयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर भर्ती, जेआरएफ प्राप्त करने और पीएचडी दाखिले के लिए योग्यता निर्धारित करने के लिए आयोजित की जानी है। परीक्षा का आयोजन ऑफलाइन ओएमआर मोड में किया जाना है। इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन किए उम्मीदवारों को आवंटित परीक्षा पहले ही जारी कर दी गई है।

## कैम्पस इवेंट

### आयुर्वेद महाविद्यालय नालंदा के विद्यार्थियों को सिखाएगा योग

**रायपुर।** शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय रायपुर द्वारा 10वें अतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तारतम्य में 14 जून से जीई रोड स्थित नालंदा परिसर में सुबह 7 से 8 बजे तक नियमित योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नालंदा परिसर में प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने वाले परीक्षार्थियों एवं आस-पास के शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं तथा नागरिकों को योग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालय प्रबंधन का मुख्य उद्देश्य नालंदा परिसर में अध्ययन करने आ रहे छात्रों को योग के विषय में जागरूक करना और उन्हें योग से जोड़ना है ताकि वे तनावमुक्त होकर परीक्षाओं की तैयारी कर सकें। छात्रों के अलावा सामान्य नागरिक भी इसमें शामिल हो सकते हैं।



#### प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से नियमित योगाभ्यास

संस्था के प्राचार्य डॉ. जी.आर चतुर्वेदी ने बताया कि संचालनालय आयुष से प्राप्त दिशा-निर्देशानुसार आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए संस्था के स्वस्थवृत्त विभाग द्वारा 17 जून से लेकर 21 जून तक विभिन्न प्रकार के आयोजन किये जाएंगे। उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय चिकित्सालय परिसर में प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से नियमित योगाभ्यास का आयोजन किया जाता है। चिकित्सालय परिसर में आयोजित होने वाले योगाभ्यास से शहर के आम नागरिक, चिकित्सालय के मरीज, शिक्षक एवं छात्र- छात्राएं लाभान्वित हो रहे हैं।

## विश्व रक्तदाता दिवस आज : जरुरतमंदों के लिए डटे शहरवासी

# बॉम्बे ग्रुप के छत्तीसगढ़ में केवल 15 डोनर, मदद करने दूसरे जिलों व राज्यों से पहुंचते हैं रक्तदाता

जरूरतमंद मरीज को अगर समय पर रक्त न मिले तो उसकी जान भी जा सकती है, इसीलिए रक्तदान को महादान कहा गया है। इसकी सार्थकता को शहर के समाजसेवी पूरा कर रहे हैं, जिन्होंने कभी रक्त के अभाव में अपनों को खोया था, लेकिन आज उनके ही प्रयासों से शहर के अलावा प्रदेश के कई लोगों की जान बचाई जा रही है।





**रायपुर।** हरिभूमि ने विभिन्न संस्थाओं और समाजसेवियों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि शहर में अब किसी भी समय में सभी तरह के ब्लड मिलना मुमकिन हो गया है। बॉम्बे ब्लड ग्रुप के डोनर कम हैं, लेकिन जब भी किसी मरीज को आवश्यकता होती है छत्तीसगढ़ के साथ दूसरे राज्यों से भी लोग मदद करने पहुंचते हैं। ब्लड बैंक संस्थाएं दूसरे राज्यों के रक्तदाताओं के भी संपर्क में हैं, ताकि आपातकालीन स्थिति में उनसे मदद मिल सके। इसका लाभ लोगों को भी मिल रहा है।

### बॉम्बे ब्लड ग्रुप सबसे दुर्लभ

बॉम्बे ब्लड ग्रुप काफी दुर्लभ माना जाता है, इसके डोनर भी छत्तीसगढ़ में कम हैं। समय पर लोगों को यह ब्लड ग्रुप उपलब्ध कराने शहर के युवाओं ने सिटी ब्लड बैंक संस्था बनाई है, जिसकी मदद से यह ग्रुप लोगों को आसानी से मिल रहा है। संस्था के विवेक साहू ने बताया कि बॉम्बे ग्रुप के छत्तीसगढ़ में केवल 15 डोनर हैं, जिनमें रायपुर के केवल 4 हैं। पहले जब भी इस ग्रुप की आवश्यकता होती थी, कम समय में यह ब्लड नहीं मिलता था, इसलिए हमने इस ग्रुप के लिए डोनर की सूची बनाई, जो मदद के लिए दूसरे जिलों से रायपुर रक्त देने पहुंचते हैं। हर साल दर्जनभर मरीजों को इस ब्लड की आवश्यकता पड़ती है। अब दुर्लभ ब्लड भी 365 दिन उपलब्ध रहता है। संस्था के द्वारा राज्यों व जिलों में भी मरीजों तक मदद के लिए पहुंचाया जाता है।

### थैलीसीमिया से जंग में संस्थाएं निभा रहीं अपना फर्ज

थैलेसीमिया एक ऐसी बीमारी है, जो वंशानुगत चलते रहती है। थैलेसीमिया की चपेट में नन्हे बच्चे भी हैं, जिन्हें जीवन दान देने के लिए रक्तदाता अपनी ओर से हर संभव मदद करते हैं। शहर में कई संस्थाएं हैं, जो थैलेसीमिया के मरीजों को न्यूनतम शुल्क में सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं।

### 26 सालों से थैलीसीमिया मरीजों की सेवा

लाखेनगर स्थित निजी संस्था थैलेसीमिया सोसाइटी में आर्थिक रुप से कमजोर थैलेसीमिया मरीजों का इलाज किया जाता हैं। जहां सालाना तौर पर कम फीस पर बच्चों के इलाज की संपूर्ण व्यवस्था की जाती हैं। संस्था के सचिव जगदीश लहेजा ने बताया, विगत 1998 से थैलेसीमिया सोसाइटी का संचालन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य आर्थिक रुप से कमजोर व्यक्तियों को थैलेसीमिया बीमारी संबंधित दवाई एवं रक्त उपलब्ध कराना है। सोसाइटी में प्रत्येक मरीज से मात्र 7 हजार रुपए प्रतिवर्ष लिया जाता है। इसमें उन्हें रक्त, दवाई, ब्लड फिल्टर जैसे विभिन्न वस्तुएं उपलब्ध कराई जाती है।

### सहायता की आवश्यकता

सचिव लहेजा ने बताया, वर्तमान में यह संस्था लाखेनगर स्थित कन्हैया क्लॉथ के नजदीक छोटे से स्थान पर संचालित की जा रही है।अधिकतर एक मरीज को एक माह में 2 बार रक्त की आवश्यकता होती है। जिसके लिए शहर स्थित सिटी ब्लड बैंक से सहायता लिया जाता है। सरकारी सहयोग से दवाई और ब्लड फिल्टर टूल की सहयता ली जाती है, लेकिन बीते छःमाह से संस्था के पास ब्लड फिल्टर उपलब्ध नहीं हो पा रहा। एक ब्लड फिल्टर की कीमत 1000-1200 रुपए होती है, जिससे आर्थिक रुप से कमजोर मरीज और संस्था को परेशानियों का सामना करना पढ़ रहा है। संस्था के सदस्यों ने सहयोग की आशा जताई है। इसके लिए 93291-23393 और 98261-51413 पर संपर्क कर सकते हैं।

### दूसरे राज्यों के मरीजों तक पहुंचाते हैं मदद

शहर की वंदे भारत सेवा संस्था 15 साल से रक्तदान कर लोगों की मदद कर रही है। संस्था प्रमुख निराकार पांडेय ने बताया कि पहले खुद ही रक्तदान का कार्य शुरू किया, फिर संस्था बनाई। पहले रायपुर के लोगों तक मदद पहुंचाते थे। कम समय में अधिक लोग जुड़ गए और हम दुर्ग-भिलाई से विस्तार करते हुए 5 साल में ही संस्था की मदद से पूरे छत्तीसगढ़ में लोगों तक निशुल्क ब्लड पहुंचाने लगे। उन्होंने बताया कि आज दिल्ली, मुंबई, पंजाब, कोलकाता समेत महानगरों में इस संस्था के सदस्य हैं। लोगों को आवश्यकता पड़ने पर तत्काल मदद करने पहुंचते हैं। हर साल 7 हजार यूनिट ब्लड की मदद करते हैं। संस्था के ज्यादातर सदस्य 80 से 100 बार ब्लड डोनेट कर चुके हैं। लोगों तक मदद पहुंचे, इसलिए हमने प्रदेश के प्रशासनिक अधिकारियों को संस्था से जोड़ा है, जो लगातार मदद करते हैं। हर दिन 20 प्रति यूनिट ब्लड की मदद संस्था के माध्यम से होती है। अब भी बड़ी संख्या में महिलाएं बल्ड डोनेट नहीं करती हैं। इसके लिए लोगों को अब जागरूक किया जा रहा है। संस्था ने 15 सालों में 10 समूह बनाए हैं, जिसमें महिलाओं के तीन समूह हैं।



### दर्द को बनाया ताकत हर महीने हेल्प

डब्ल्यूआरएस कॉलोनी निवासी रेलवे कर्मी एम.वासुदेव राव ने 14 साल पहले समय पर रक्त न मिलने से बेटी को खो दिया। इस दर्द को उन्होंने ताकत बनाया और ऐसे माता-पिता की मदद करने रक्तदान करना शुरू किया। इनके साथ 2500 से भी ज्यादा युवा जुड़े हैं। इनके प्रयास से हर महीने 15 थैलेसीमिया व सिकलसेल पीड़ितों का जीवन बचाने के लिए मदद की जाती है।

### 70 लोगों को हर 15 दिन में रक्तदान

फाफाडीह में रहने वाले सुरेश सचदेव ने बताया, थैलेसीमिया पीड़ित बेटे के इलाज में कई तरह की चुनौती का सामना किया। बेटे को इस बीमारी से निजात दिलाने के बाद अब वे ऐसे पीड़ितों की मदद के लिए प्रयास करते हैं। प्रदेश के 2240 थैलेसीमिया पीड़ित उनसे जुड़े हैं। इनमें से 70 लोगों को हर 15 दिन में ब्लड उपलब्ध कराने सदस्यों के सहयोग से 140 यूनिट ब्लड डोनेट करवाते हैं।

### एक हजार से अधिक युवाओं का ग्रुप

देवेन्द्र नगर निवासी गुरुमुख दास आहूजा भी थैलेसीमिया से ग्रस्त बच्चों के लिए ब्लड डोनेट करवाते हैं। उन्होंने बताया कि 2016 से ऐसे माता-पिता की मदद करने का मन बनाया, जिनके सामने हर महीने ब्लड की उपलब्धता चुनौती बनी रहती है। एक हजार से ज्यादा युवाओं का ग्रुप है, जो थैलेसीमिया पीड़ितों से जुड़े हैं।

## ये हैं शहर के जागरुक रक्तदाता

### 18 वर्ष से शुरुआत, अब तक 95 बार रक्तदान



51 वर्ष के डी.जगदीश कुमार ने अब तक 95 बार रक्तदान किया है। उन्होंने 18 वर्ष की उम्र से रक्तदान की शुरुआत की और लगातार लोगों की सेवा करते रहे। उन्होंने बताया, बचपन में पिता ने जरुरतमंद लोगों को रक्तदान किया। वे हमारे लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं, लेकिन जब पिता को रक्त की आवश्यकता हुई, तब लोग रक्तदान के लिए तैयार नहीं हो रहे थे। जिसके बाद बड़े भाई ने पिता को रक्तदान किया, उस दिन रक्त की महत्ता की समझ हुई। जिसके बाद से लगातार भाई और मैं रक्तदान कर रहे हैं।

### 32 साल में 85 बार रक्तदान



अनिल अग्रवाल ने बताया, 18-19 साल से रक्तदान की शुरुआत की। बीते 32 साल में 85 बार रक्तदान करने का अवसर मिला। पहली बार जरूरत पढ़ने पर भतीजी को रक्तदान किया, जिसके बाद से निरंतर कर रहा हूं। इस दौरान मैं अपने दो बेटे और दोस्तों को भी साथ ले जाता हूं, ताकि किसी जरुरतमंद व्यक्ति की सहायता हो सके।

### जन्मदिन को विशेष बनाता है रक्तदान



कमल सोनी ने बताय, बीते 18 साल की उम्र से लगातार रक्तदान कर रहे। अब तक 75 बार रक्तदान किया है। परिजन के स्वास्थ्य खराब होने पर रेयर ब्लड ग्रुप होने के कारण रक्तदाता नहीं मिल रहे थे, जिसके बाद चिकित्सकों की सलाह पर रक्तदान किया। एबी पॉजिटिव रेयर ब्लड ग्रुप है, जिसके रक्तदाता कम संख्या में है। वर्तमान में अपने जन्मदिन, 15 अगस्त और सालगिरह के खास अवसर पर रक्तदान करता हूं।

### पहली बार पिता के लिए रक्तदान, अब तक 78 बार



सरदार विनायक सिंग ने बताया, साल 2009 से अबतक 78 बार रक्तदान करने का अवसर मिला। पहली बार अपने पिता के लिए रक्तदान किया, जिसके बाद निरंतर रक्तदान करता आ रहा हूं। किसी व्यक्ति को जरुरत पढ़ने पर अन्य डोनर की सहायता से लोगों को ब्लड की पूर्ति कराते हैं।

## राष्ट्रीय आम महोत्सव का आज समापन, पांच गुठलियों के बदले मिल रहा एक आम

कार्नर न्यूज

# दो दिनों में एकत्र हुई आम की 7 हजार गुठिलयां इनसे बनाएंगे पौधे, आम के कराची हलवे ने ललचाया



**रायपुर।** कृषि विवि में चल रहे आम महोत्सव में अब तक आम की 7 हजार गुठलियां एकत्र हो चुकी हैं। दरअसल यहां लोगों को आम की पांच गुठलियों के बदले एक आम दिया जा रहा है। इसलिए लोग बड़ी संख्या में आम की गुठलियां लेकर पहुंच रहे हैं और इसके बदले में आम लेकर जा रहे हैं। प्रथम दिवस 2 हजार से अधिक तथा दूसरे दिन 4 हजार से अधिक गुठलियां एकत्र हुई हैं। दो दिनों में लगभग 7 हजार आम की गुठलियां एकत्र हो गई हैं। प्रकृति की ओर संस्था द्वारा यह ऑफर लोगों को दिया गया है। संस्था के मोहन वर्तयानी ने बताया कि अब इन गुठलियों से पौधे तैयार किए जाएंगे तथा इन्हें पौधारोपण के लिए वितरित किया जाएगा। लोगों को गुठलियों के बदले दशहरी, बैंगलफली और लंगड़ा आम दिए जा रहे हैं।



### खुशबू से महका परिसर

आम महोत्सव में चारों ओर आम की खुशबू बिखरी हुई है। महोत्सव में दशहरी, लंगड़ा, हापुस, केशर, नीलम, चौसा, माल्दा, फजली, सुंदरजा, नूरजहां, हिमसागर, बॉम्बे ग्रीन, गुलाब खास, जंबो रेड, अल्फांजो, कोकोनट क्रीम, बैगनफली जैसे देसी किस्मों के आम शामिल हैं। हाथीझूल आम के साथ लोग सेल्फी ले रहे हैं। यह सामान्य आम से लगभग 5 गुना बड़ा होता है। इस किस्म के एक आम का वजन ही लगभग तीन किलो तक होता है। इसकी कीमत 150 से 200 रुपए प्रति किलो है।

**छात्रों ने आम से बनाए रोबोट** : सजावट प्रतियोगिता में छात्रों ने आम को रोबोट, फूल, घड़ी आदि के रूप में सजाया गया है। कुकिंग प्रतियोगिता में महिला प्रतिभागियों ने आम से कैरी, कटलेट और मैंगो पुडिंग सहित अन्य व्यंजन बनाए। 2 लाख 70 हजार रुपए प्रति किलो कीमती एक मियाजाकी आम का वजन करीब 350 ग्राम होता है। इसमें शरीर के लिए जरूरी एंटी आक्सीडेंट, फोलिक एसिड, बीटा-केरोटिन जैसे तत्व पाए जाते हैं। कापोरेट वर्ल्ड में इसका उपयोग भेंट करने में ज्यादा होता है।

### लोग पूछ रहे आम-साबूदाना खीर की रेसिपी

राष्ट्रीय आम महोत्सव में 56 प्रकार के आम से बने व्यंजनों की भी प्रदर्शनी लगाई गई है। इनमें आम सेवई, आम मिलेट खीर, आम मफिन्नस, आम-नारियल का लड्डू, आम पापड़, आम का आचार, आम का कराची हलवा, कुल्फी, फिरनी, चटनी, लौंजी, कैंडी, आम-साबूदाना की खीर आदि व्यंजन बनाए गए हैं। लोग इनकी रेसिपी भी पूछ रहे हैं। महोत्सव के दूसरे दिन गुरूवार को आम उगाने वाले कृषक और आम की खेती में रूचि रखने वालों के लिए 12 बजे से 4 बजे तक तकनीकी कार्यशाला एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया था। कार्यशाला में आम की उन्नत खेती की तकनीक, आम उत्पादन में आने वाली समस्याओं तथा उनके निराकरण के संबंध में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा जानकारी दी गई तथा किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

## धर्म लाइव

# श्रीकृष्ण की बाललीला में डूबे श्रोता, भजनों ने मोहा



**रायपुर।** ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचक स्वामी श्रीमज्ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज ने कृष्ण की कई बाललीलाएं सुनाई। श्रीमद्भागवत कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने लक्षेश्वर धाम में निर्माणाधीन सवा लाख शिवलिंग की स्थापना के लिए राशि दान की। गुरुवार को कथावाचक ने माखन लीला, माखन चुराई, ब्रज वासियों के साथ बाल लीला, असुरों का वध सहित कई प्रसंग सुनाए। इस दौरान आचार्य पं. रवि शास्त्री, पं.खिलेश्वर शास्त्री,तरुण शास्त्री, ओम प्रकाश उपाध्याय, अशोक पाण्डेय, सूरज शर्मा, मिश्री लाल पाण्डेय, पन्ना लाल तिवारी, प्रदीप दुबे, लेखमणि पाण्डेय, आनंद पाण्डेय, दामोदर शर्मा,नीतीश शर्मा,शीला मिश्रा,शैल पाण्डेय, इंद्राणी पाण्डेय सहित अन्य उपस्थित रहे।

### कृष्ण के आगे नहीं टिक सकती माया

महाराज ने बताश, कृष्ण जन्म के पश्चात कंस ने भयभीत होकर असुरों को भेजना प्रारंभ किया। सबसे पहले पूतना को भेजा गया। पूतना माया का सुंदर रूप बना कर ब्रज पहुंची। श्रीकृष्ण पूतना को देख कर आंख बंद कर लेते हैं। कोई भी माया कृष्ण के सामने नहीं टिक सकती। पूतना के वध के बाद निरंतर कंश एक के बाद एक असुरों को भगवान श्री कृष्ण के वध के लिए भेजता है। कथा के दौरान कथावाचक के भजनों की धुन पर श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला। भजनों पर श्रद्धालु सांसारिक चिंता भूलकर मंत्रमुग्ध होकर झूमते नजर आए।

## सिटी लाइव

# तस्वीरों में नजर आया समाज का प्रतिबिंब



**रायपुर।** महाकौशल कला विथिका के संस्थापक प्रोफेसर कल्याण प्रसाद शर्मा की पुण्यतिथि पर उनके बनाए हुए चित्रों की एकल कला प्रदर्शनी रखी गई। लोगों को उनकी कला की बारीकियों को प्रत्यक्ष रूप से देखने का मौका मिल रहा है।

उद्घाटन महाकोशल कला वीथिका में गोधुली बेला में मुख्य अतिथि डॉ.एके शुक्ल द्वारा किया गया। यह आयोजन महाकोशल कला परिषद की फेसबुक आईडी पर ऑनलाइन भी आयोजित है। गौरतलब है कि प्रोफेसर शर्मा ने 18 जुलाई 1959 को



महाकौशल कला परिषद की स्थापना रायपुर में की और यह संस्था तब से अब तक निरंतर कला आयोजनों के लिए जानी जाती है। देश के नामचीन कलाकारों ने इस कला वीथिका में शिरकत की है और उनकी कला के जीवंत दस्तावेज महाकौशल कला परिषद द्वारा संचालित महाकौशल कला वीथिका में संग्रहित हैं।

### रंगों का सुंदर संयोजन

प्रदर्शित किए गए चित्रों में रंगों का सुंदर संयोजन देखने को मिल रहा है। तत्कालीन समाज का प्रतिबिंब भी इसमें नजर आ रहा है। कलाप्रेमियों ने इसे खूब सहारा। तत्कालीन लोक संगीत की भी छटा इसमें दिखाई दे रही है। इसे देखने कलाप्रेमियों के साथ जन सामान्य भी पहुंच रहे हैं।

## व्यापम ने दो पालियों में गुरुवार को आयोजित की तीन प्रवेश परीक्षाएं

# एमसीए में नहीं दिखा उत्साह, सिर्फ 17 फीसदी ने दिलाई परीक्षा, पीईटी में 53% तो पीपीएचटी में 49% उपस्थित

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा गुरुवार को दो पालियों में प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की गईं। एक ही दिन रखी गई तीन प्रवेश परीक्षाओं में सबसे कम उत्साह मास्टर इन कंप्यूटर एप्लीकेशन के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा प्री एमसीए में देखने को मिला। इसके लिए 7 हजार 295 छात्रों ने आवेदन किए थे, जबकि परीक्षा में इनमें से मात्र 16.72 प्रतिशत छात्र ही उपस्थित रहे। प्रदेश में एमसीए की 407 सीटें हैं। कम छात्रों के परीक्षा में शामिल होने के कारण अन्य वर्षों की भांति इस वर्ष भी दाखिले के लिए मारामारी कम रहेगी।

### गर्मी के बाद भी कम नहीं हुआ छात्रों का उत्साह

**रायपुर।** अन्य परीक्षाओं में प्री इंजीनियरिंग टेस्ट और प्री फॉर्मेसी टेस्ट का आयोजन व्यापम ने किया। सर्वाधिक उपस्थिति पीईटी में रही। इसके लिए 22 हजार 854 छात्रों ने आवेदन किया था। इनमें से 52.98 प्रतिशत छात्र परीक्षा दिलाने पहुंचे रहे। वहीं प्री फॉर्मेसी टेस्ट के लिए 37 हजार 76 छात्रों ने आवेदन किए थे। इनमें से 49.01 छात्रों ने परीक्षा दिलाई। छात्रों को सुरक्षा जांच के लिए निर्धारित समय से एक घंटा पूर्व केंद्र में उपस्थित होने निर्देश दिए गए थे। नकल के किसी प्रकरण की सूचना देर शाम तक व्यापम मुख्यालय में प्राप्त नहीं हुई है।





### एमसीए की परीक्षा सिर्फ 2 जिलों में

प्रतिवर्ष एमसीए की परीक्षा में अन्य प्रवेश परीक्षाओं की तुलना में कम छात्र शामिल होते हैं। इसे देखते हुए इस वर्ष भी दो ही जिलों में ही प्रीएमसीए के लिए परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इसके उलट पीईटी और पीपीएचटी के लिए 32-32 जिलों में केंद्र बनाए गए। कई केंद्रों में गर्मी का सामना छात्रों को करना पड़ा। इसके बाद भी उनका उत्साह कम नहीं हुआ। बेहतर महाविद्यालयों में दाखिले के लिए छात्र तैयारी संग परीक्षा दिलाने पहुंचे रहे।



### सिविल जज मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन प्रारंभ

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापन जारी कर बीते वर्ष 3 सितंबर को सिविल जज की प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन बिलासपुर, दुर्ग एवं रायपुर जिला मुख्यालयों में किया गया था। पीएससी द्वारा अब मुख्य परीक्षा के लिए तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। प्रारंभिक परीक्षा में प्राप्तांकों के आधार पर चयनित आवेदकों को सिविल जज की मुख्य परीक्षा में बैठने का मौका दिया जाएगा। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की शुरुआत 13 जून को दोपहर 12 बजे से होगी। पात्र अभ्यर्थी 28 जून को रात्रि 11.59 मिनट तक आवेदन कर सकेंगे। इसके पश्चात 29 और 30 जून का समय आवेदन में सुधार के लिए दिया जाएगा। आवेदक केवल एक बार ही त्रुटि सुधार कर सकेंगे। स्थानीय निवासियों के लिए आवेदन निशुल्क है, जबकि दूसरे राज्य के कैंडिडेट को 400 रुपए आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा। विस्तृत जानकारी लोक सेवा आयोग द्वारा अपने वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

### औसत रहे प्रश्नपत्र

*परीक्षा देकर निकले छात्रों के चेहरे खिले हुए रहे। तीनों ही विषयों के प्रश्नपत्र औसत रहे। पीईटी देकर निकले कुछ छात्रों को गणित के सवालों ने परेशान किया। कैमेस्ट्री और फिजिक्स के भी कुछ सवाल टाइम टेकिंग रहे। पीपीएचटी और प्री एमसीए के छात्र सवालों से संतुष्ट नजर आए।*

### रविवि : सेंटर फॉर बेसिक साइंस की अनारक्षित सीटें पैक्ड

*पं.रविशंकर शुक्ल विवि अध्ययनशाला में प्रवेश का दौर प्रारंभ हो गया है। सेंटर फॉर बेसिक साइंस के अंतर्गत संचालित होने वाले इंटीग्रेटेड एमएससी के लिए रविवि द्वारा प्रवेश परीक्षाएं पूर्व में ही आयोजित की जा चुकी हैं। प्रवेश परीक्षाओं में प्राप्तांकों के आधार पर काउंसिलिंग 10 जून से प्रारंभ की गई थी। एमएससी पाठ्यक्रम में प्रथम सेमेस्टर की अनारक्षित वर्ग के सभी 18 सीटों में प्रवेश पूर्ण हो गया है। वहीं आरक्षित वर्ग की 22 सीटों की कांउसिलिंग 14 जून को की जाएगी। कट-ऑफ अंक काउंसिलिंग संबंधी अन्य जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसके पश्चात मैनेजमेंट कोटे की 20 सीटों पर प्रवेश होंगे। पेमेंट सीट अर्थात मैनेजमेंट कोटे की सीटों पर दाखिला लेने वाले छात्रों को स्कॉलरशिप प्रदान नहीं की जाएगी। जबकि अन्य छात्रों को प्रतिमाह निर्धारित छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।*

# मिस एंड मिस्टर सेंट्रल इंडिया...





रायपुर। शहर में आयोजित होने जा रहे मिस, मिसेज व मिस्टर सेंट्रल इंडिया एंड रनवे शो के लिए गुरुवार को ऑडिशन रखा गया। इसका पहला सीजन जयपुर में रखा गया था, जबकि दूसरा सीजन रायपुर में आयोजित किया जा रहा है। आयोजिका तृप्ति रॉय चौधरी ने बताया, इस शो में ट्रेडिशनल, क्रियेटिव वेस्टर्न गाउन सहित कई राउंड होंगे। सेलिब्रिटी सना सुलतान खान भी इसमें शामिल होंगी। जीई रोड स्थित एक निजी होटल में यह आयोजन हो रहा है। ऑडिशन में चयनित प्रतिभागितयों की ग्रूमिंग की जाएगी।

# मोतियाबिंद सर्जरी के लिए राशि एकत्र करने होगा लाइव कंसर्ट

**रायपुर।** रॉयल और क्वींस रोटरी क्लब के संयुक्त तत्वाधान में फंडरेजिंग इवेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान प्रसिद्ध कवि एवं गायक पीयूष मिश्रा 15 जून को शहरवासियों के बीच पहुंचेंगे। कवि लाइव इन कंसर्ट 'बल्लिमरान' की प्रस्तुति शाम 7 बजे देंगे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य वंचित लोगों के मोतियाबिंद सर्जरी संबंधित खर्च के लिए राशि एकत्र करना है। कार्यक्रम के दौरान चैयरमेन सोमनाथ, संजय अग्रवाल, इरफान बुखारी सहित अन्य उपस्थित रहेंगे। इस शानदार कार्यक्रम के दौरान कवि पीयूष मिश्रा अपने 14 सदस्यीय बैंड के साथ नजर आएंगे। मुख्य अतिथि के रुप में पीडीजी विवेक तन्खा शामिल होंगे।

### आदिवासी समाज के 84वें स्थापना दिवस पर मेडिकल कैंप

डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित मॉडल ब्लड बैंक सेंटर एवं अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदिवासी समाज द्वारा 84वें स्थापना दिवस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के उपलक्ष्य में जरूरतमंद मरीजों के लिए ग्राम पिनकापार तह देवरी जिला बालोद में कैंप लगाकर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में 44 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस रक्तदान शिविर की एक खास बात यह रही कि इसमें पिता और बेटी द्वारा एक साथ रक्तदान किया गया। यह अन्य लोगों के लिए बेहद प्रेरणादायक पहल रहा, जिसकी सभी लोगों ने सराहना की। अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदिवासी समाज के घनश्याम धलेंद्र और मॉडल ब्लड बैंक के इंचार्ज डॉ. विजय कापसे सहित डॉ. अविरल मिश्रा, डॉ. रविन्द्र, डॉ. रविशंकर व अन्य चिकित्सक शामिल हुए।



वास्तु

## घर में ताजगी पाने के लिए ऐसे लगा सकते हैं ये 5 वाटर इंडोर प्लांट

घर पर वाटर इंडोर प्लांट्स उगाना न केवल आपके घर को हरा-भरा बनाता है बल्कि वातावरण को भी ताजगी से भर देता है साथ वास्तु शास्त्र के नियमानुसार भी शुभ माना गया है। ये पौधे पानी में उगते हैं और इन्हें मिट्टी की जरूरत नहीं होती है। यहां 5 किस्म के पसंदीदा वाटर इंडोर प्लांट्स और उन्हें उगाने के तरीके दिए गए हैं। इसके साथ ही आप अलग-अलग तरह के वाटर इंडोर प्लांट्स और उनकी देखभाल के बारे में अधिक जानकारी के लिए ऑनलाइन कई संसाधन पा सकते हैं। या फिर आप अपने क्षेत्र में स्थानीय नर्सरी से भी संपर्क कर सकते हैं।



### पीस लिली

यह एक सुंदर फूल वाला प्लांट है जो कम रोशनी में भी पनप सकता है। पीस लिली को नियमित पानी की जरूरत होती है और यह सूखी हवा को पसंद नहीं करता है। इसे पानी के जार या मिट्टी में उगाया जा सकता है। पीस लिली उगाने के लिए इसकी कटिंग को एक जार में पानी में रखें। हर दो हफ्ते में पानी बदलें। इसके साथ ही सूरज की रोशनी में रखें।

### लकी बैंबू

लकी बैंबू एक पसंदीदा इनडोर पौधा है, जो न केवल अपनी सुंदरता के लिए बल्कि अपने सजावटी और सकारात्मक ऊर्जा के गुणों के लिए भी जाना जाता है। यह पौधा मिट्टी के बिना भी आसानी से पनप सकता है। इसे उगाने के लिए, एक साफ कंटेनर में पानी भरें और उसमें लकी बैंबू की टहनियां रखें। पानी को हर दो हफ्ते में बदलें और सुनिश्चित करें कि जड़ें पानी में डूबी रहें। सूरज की रोशनी का भी विशेष ख्याल रखें।

### कमल

कमल अपनी सुंदरता और अनोखे स्वरूप के कारण एक बेहतरीन वाटर प्लांट है। इसके गोल पंखुड़ियां और रेडियल पैटर्न इसे खास बनाते हैं और यह अक्सर पानी की सतह के ऊपर तैरता हुआ दिखाई देता है। कमल के पौधे उगाने के लिए कुछ विशेष विधियां और देखभाल की जरूरत होती है। कमल के पौधे को पानी में उगाने का बेहतर तरीका, एक उथला, छह इंच गहरा कटोरा चुनें। कंटेनर की गहराई कमल की जड़ों को फैलने के लिए पर्याप्त होनी चाहिए। कंटेनर को पानी से भरें, लेकिन यह ध्यान दें कि तने और पत्तियां पानी के ऊपर हों। कमल की जड़ें कीचड़ वाली सतह के नीचे बढ़ती हैं, जबकि तने पानी के ऊपर निकलते हैं।



### फिलोडेंड्रॉन

फिलोडेंड्रॉन पानी में उगाने के लिए एकदम सही पौधे हैं और शुरुआती लोगों के लिए एक बढ़िया विकल्प हैं। ये हार्डी हाउस प्लान्ट आसानी से पानी में जड़ें विकसित करते हैं और कई तने उगाते हैं। इसे उगाने के लिए फिलोडेंड्रॉन की कटिंग को पानी में रखें।



सुनिश्चित करें कि जड़ें पानी में डूबी रहें और हर 2-3 हफ्ते में पानी बदलें। सूरज की रोशनी में रखें। पानी को हर 3-5 दिन में बदलें।

### बेबी टियर्स

बेबीज टियर्स, जिन्हें हेल्क्सिन सोलेरोसियाना भी कहा जाता है, एक पसंदीदा हाउसप्लांट है जो अपनी नाजुक और सुंदर पत्तियों के लिए जाना जाता है। यह रेंगने वाले तनों पर बहुत सारी छोटी-छोटी पत्तियां विकसित करता है, जो एक घना लेकिन नाजुक लटकता हुआ मैट बनाता है। बेबीज टियर्स को पानी में उगाना बहुत आसान है, जिससे यह उन लोगों के लिए एकदम सही विकल्प बन जाता है जो कम रखरखाव वाले पौधे चाहते हैं।

---

आंख और कान जैसे संवेदनशील अंगों पर भी ध्यान देना जरूरी

# कानों में आती रहती है घंटी बजने जैसी आवाज? रहें सावधान वरना हो सकता है बहरापन

हमारे शरीर के सभी अंग आपस में एक दूसरे से कनेक्टेड होते हैं, यही कारण है कि किसी एक अंग में होने वाली समस्या के कारण पूरा शरीर प्रभावित हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हम सभी अक्सर हृदय-फेफड़े जैसे अंगों में होने वाली समस्याओं को लेकर तो अलर्ट रहते हैं और इसे ठीक रखने के लिए प्रयास भी करते रहते हैं, पर आंख-कान जैसे अंगों की सेहत पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता है। हालांकि इन अंगों में होने वाली समस्याओं के कारण भी शरीर में गंभीर दुष्प्रभावों का जोखिम हो सकता है। कान में अक्सर घंटी बजने जैसी आवाज आने की समस्या भी गंभीर स्थिति की ओर इंगित करती है। कानों की इस समस्या पर गंभीरता से ध्यान दिए जाने की जरूरत होती है क्योंकि जिन कारणों से ये समस्या विकसित होती है, उसके दीर्घकालिक जोखिम हो सकते हैं।



### टिनिटस की समस्या के बारे में जानिए

कानों में आवाज आने की समस्या यानी टिनिटस के कारण आप अपने एक या दोनों कानों में घंटी बजने या शोर जैसी आवाज का अनुभव कर सकते हैं। आप जो आवाज सुनते हैं वह किसी बाहरी ध्वनि के कारण नहीं होता है और अन्य लोग इसे नहीं सुन सकते हैं। टिनिटस बहुत आम सी समस्या है और यह लगभग 15% से 20% लोगों को प्रभावित करती है। विशेषरूप से वृद्ध लोगों में इसके होने का खतरा अधिक माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, टिनिटस आमतौर पर किसी अंतर्निहित समस्या के कारण हो सकती है जिसपर ध्यान देना और इलाज कराना बहुत आवश्यक हो जाता है।

### कान में चोट या संक्रमण हो सकती है वजह

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, टिनिटस आमतौर पर किसी अंतर्निहित समस्या जैसे उम्र से संबंधित सुनने की बीमारी, कान में चोट या संक्रमण, संचार प्रणाली की समस्या के कारण हो सकती है। अगर इन स्थितियों का समय पर निदान या उपचार न हो पाए तो इसके कारण गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के विकसित होने का भी खतरा रहता है।

टिनिटस की समस्या का कारण सर्दी जैसा ऊपरी श्वसन संक्रमण भी हो सकता है, जिसपर भी ध्यान दिया जाना आवश्यक होता है। टिनिटस का अगर समय पर इलाज न हो पाए तो इससे कानों में और भी कई तरह की दिक्कतें, यहां तक कि बहरापन भी हो सकता है।



### हमेशा के लिए जा सकती है सुनने की शक्ति

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, हमारे कान के आंतरिक हिस्से में छोटी, नाजुक कोशिकाएं होती हैं जो ध्वनि तरंगें मिलने पर हिलती हैं। यदि आंतरिक कान में कुछ समस्या आ जाए तो इसके कारण भी टिनिटस हो सकता है और समय पर इसका इलाज न होने पर कानों की शक्ति भी जा सकती है। इसके अलावा कानों में संक्रमण या कान की नलिकाओं में रुकावट के कारण भी आपको ये दिक्कत हो सकती है। कानों में संक्रमण का समय पर इलाज न होने पर इसका असर मस्तिष्क और अन्य हिस्सों में भी होने का जोखिम रहता है।

---

## आपके तलवे की बनावट में छिपा है किस्मत का राज

ज्योतिष शास्त्र में हाथों और पैरों की लकीरों में भी हमारी किस्मत और भविष्य से जुड़ी कुछ बातें छिपी होती हैं। आपने अक्सर लोगों को ये कहते हुए सुना होगा कि हाथों की लकीरें आपकी तकदीर बदल सकती हैं, लेकिन सिर्फ हाथ ही नहीं बल्कि आपके तलवे में भी कुछ लकीरें होती हैं जो आपके आने वाले समय और आपकी पर्सनैलिटी का पता चलता है। ज्योतिष में ही एक है समुद्र शास्त्र जिससे आपके आने वाले समय के बारे में जानकारी आपके शरीर के कुछ हिस्सों को देखकर बताई जाती है। इसी में एक होती है फुट रीडिंग यानी कि हाथों के साथ पैरों की रेखाओं से भविष्य बताना। यह रिफ्लेक्सोलॉजी का एक विस्तार है और माना जाता है कि यह स्वास्थ्य के मुद्दों, भावनात्मक कल्याण और व्यक्तित्व प्रकार को प्रकट करता है। फुट रीडिंग विशेषज्ञों का मानना है कि प्रत्येक व्यक्ति के पास एक पुरुष और एक महिला के पैर होते हैं, जिसमें दायां एक पुरुष के रूप में कार्य करता है और बाएं एक महिला के रूप में माना जाता है।



***पैर की बनावट बताती है स्वभाव***

*शीतल जी बताती हैं कि आपके पैरों के तलवों से आप किसी भी व्यक्ति के स्वभाव के बारे में जान सकते हैं। इसमें कुछ ख़ास बातें ध्यान देनी चाहिए। आइए जानें क्या हैं वो बातें*

यदि आप अपने तलवे की गद्दी के बीच खड़ी रेखाएं देखते हैं तो आप शायद आत्म-सम्मान में कम महसूस कर सकते हैं। पैरों के तलवे की रेखाएं यदि तिरछी हैं तो ये आपके अनिर्णय को दर्शाती हैं। ऐसे लोग किसी भी बात के लिए दृढ़ नहीं हो पाते हैं और अपने निर्णय लेने में देरी करते हैं।

### पैरों की रेखाओं में छिपी है किस्मत

फुट रीडिंग में तलवे में कुछ ऐसी रेखाएं होती हैं जो पैर के तलवों की बनावट और उनमें बने निशान के आधार पर भविष्य के बारे में बताते हैं। ऐसा माना जाता है कि जिन लोगों के तलवे दिखने में नरम होते हैं और इसमें कम रेखाएं दिखती हैं वो ज्यादा भाग्यशाली होते हैं। ऐसे लोगों पर लक्ष्मी की कृपा ज्यादा होती है। जिन लोगों के तलवे में तिरछी रेखाएं होती हैं और अस्त व्यस्त नजर आती हैं उनके जीवन में समस्याएं ज्यादा होती हैं। जिन लोगों के तलवे सपाट होते हैं वो मेहनती होते हैं और विचारों से खुले होते हैं। ऐसे लोग दूसरों की हमेशा मदद करते हैं इसलिए लोगों के बीच में प्रसिद्धि पाते हैं। यदि पैर के तलवे में चक्र, कमल के फूल या शंख नजर आए तो आप जीवन में बहुत ज्यादा प्रसिद्धि पाएंगे और कुछ बड़े स्थानों में कार्यरत होंगे। (शरीर में राजयोग का सुख देने वाले निशान)

---

## घी की खुरचन से झटपट बनाएं स्वादिष्ट पराठे

नॉर्थ इंडिया में नाश्ते के रूप में ज्यादातर पराठों के पसंद किया जाता है। इसका एक कारण यह है कि पराठे हैवी होते हैं और 2-3 पराठे खाने के बाद दिन तक के लिए आप पेट अच्छी तरह से भर जाता है। आप चाहें तो घी की खुरचन के पराठे बना सकती हैं। जी हां, घी बनाते वक्त आपने देखा होगा कि उसकी खुरचन बच जाती है। मलाई को धीमी आंच पर चलाते रहो, तो घी बनने लगता है। इसका जो जला हुआ हिस्सा या खुरचन होता है, उसे लोग फेंक देते हैं। हालांकि, इसके भी पराठे बनाए जा सकते हैं।

आपको 3-4 पराठे बनाने के लिए कम से कम 2 कटोरी मलाई को जलाना पड़ेगा। मलाई को तेज आंच पर बिल्कुल न पकाएं। इससे घी भी जलेगा और खुरचन खाने लायक नहीं बनेगी। जब खुरचन अच्छी तरह से भूरी हो जाए और घी भी निकल जाए, तो दोनों चीजों को अलग-अलग छानकर रख लें। इसके बाद खुरचन को अच्छी तरह से ठंडा होने दें। अब एक छोटा प्याज और उसे बारीक-बारीक काटकर रख लें। इसी तरह 1/2 छोटा चम्मच अदरक और लहसुन की 2 कलियों को ग्रेट करके रख लें। अगर आपके बच्चे को अदरक-लहसुन पसंद नहीं करते, तो आप इसे हटा सकती हैं।

बारीक कटे हुए प्याज को घी की



खुरचन के साथ अच्छी तरह से मिला लें। इसमें बारीक कटी हरी मिर्च, 1 बड़ा चम्मच हरा धनिया और नमक डालकर मिक्स करें और इस मिश्रण को अलग रख दें। अब पराठे के लिए सॉफ्ट आटा गूंथकर उसे 10 मिनट के लिए रख दें। 10 मिनट बाद आटे को 1 मिनट तक और गूंथ लें। तैयार आटे से लोइयां बनाकर अलग-अलग रख दें।

एक लोई को लेकर एक छोटी कटोरी के आकार जितना बेलें। इसके बाद, इसमें एक चम्मच तैयार घी की खुरचन भरें और किनारों को बंद करके इसे फिर गोल या ट्राएंगल आकार में बेल लें। लोहे के तवे को गर्म करें और उसमें हल्का-सा घी या तेल लगाकर एक प्लेट में निकाल लें। इसी तरह उसे ग्रीस करें। अब इसमें पराठे को डालकर दोनों तरफ से सेंक लें। ऊपर से घी या तेल लगाएं और पराठे को प्लेट में निकाल लें। इसी तरह आप अपने लिए घी की खुरचन से पराठे बनाकर तैयार करें। इसे हरी चटनी या चाय के साथ खा सकते हैं।

---



## जंपिंग लंजेस में नहीं करनी चाहिए छोटी-छोटी गलतियां लग जाएगी चोट

जब हम वर्कआउट करते हैं तो अपनी बॉडी के हर पार्ट पर फोकस करते हैं। आमतौर पर, सप्ताह में हम एक बार लेग वर्कआउट जरूर करते हैं। इस दौरान कई तरह की एक्सरसाइज करते हैं। इन्हीं में से एक लंजेस करना। जब आप जंपिंग लंजेस करते हैं तो इस दौरान आपकी बॉडी की कई मसल्स इनवॉल्व होती हैं। यह ना केवल आपकी बॉडी के लोअर पार्ट को स्ट्रेन्थन करता है, बल्कि इससे आपकी हार्ट हेल्थ भी इंप्रूव होती है। इतना ही नहीं, जंपिंग लंजेस वेट लॉस के लिए भी काफी अच्छी एक्सरसाइज मानी जाती है, क्योंकि जब आप इसे करते हैं तो इससे आप काफी हद तक कैलोरी बर्न करते हैं। हालांकि, यह एक हाई इंटेंसिटी वर्कआउट है और इसलिए इसे बिगनर के लिए अच्छा ऑप्शन नहीं माना जाता है। इतना ही नहीं, जंपिंग लंजेस को सही तरह से करना भी उतना ही जरूरी होता है। अन्यथा आप खुद को चोटिल कर सकते हैं। योगविशेषज्ञ और फिटनेस एक्सपर्ट जितेन्द्र कौशिक कुछ ऐसी ही गलतियों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें लोग अक्सर जंपिंग लंजेस करते हुए कर बैठते हैं-



### फॉर्म को लेकर गड़बड़ करना

जंपिंग लंजेस करते हुए फॉर्म को लेकर अक्सर हम सभी गड़बड़ कर बैठते हैं। जिससे आपको चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए, जब भी आप जंपिंग लंजेस करें तो उस दौरान अपने शरीर के ऊपरी हिस्से को सीधा रखें, अपने कोर को एंगेज रखें। साथ ही, यह भी ध्यान दें कि आपके घुटने आपके पैर की उंगलियों से आगे न बढ़ें, अन्यथा आपके जोड़ों पर अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है।

### वार्मअप को स्किप करना

यूं तो हर वर्कआउट से पहले वार्मअप करना अच्छा माना जाता है, लेकिन अगर आप जंपिंग लंजेस कर रहे हैं तो यह और भी ज्यादा आवश्यक है। दरअसल, जंपिंग लंजेस एक हाई इंपैक्ट वर्कआउट है, और ऐसे में अगर वार्मअप ना किया जाए तो मांसपेशियों में खिंचाव या चोट लगने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।

### बहुत जोर से कूदना

जब आप जंपिंग लंजेस करते हैं तो उस दौरान बहुत जोरों से कूदना या तेजी से वापिस आने पर जोड़ों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। इसलिए, हमेशा सॉफ्ट लैंडिंग करने पर फोकस करें। जब आप वापिस आएं तो घुटनों को हल्का सा मोड़ लें। कभी भी घुटनों को लॉक करके वापिस आने की गलती ना करें।

---

कार्नर न्यूज

एक-दूसरे को समझने का वक्त देता है सगाई से शादी तक का समय

# सगाई के बाद मजबूत बनाना है दोनों परिवार के बीच का रिश्ता तो रखें इन बातों का ध्यान



प्रेम विवाह में तो कपल पहले से एक दूसरे को जानते हैं, लेकिन अरेंज मैरिज में युगल एक दूसरे को जानते भी नहीं है। ऐसे में जब वह विवाह के बाद एक दूसरे के साथ जीवन बिताना शुरू करते हैं तो उन्हें बहुत कुछ समझना पड़ता है। हालांकि सगाई से शादी के बीच का समय अपने मंगेतर की पसंद-नापसंद, व्यवहार और रहन-सहन को समझने का बेहतर मौका देता है। इससे ये तय करना आसान हो जाता है कि आपको शादी के बाद अपने जीवनसाथी के साथ किस तरह के रहना है। इससे रिश्ते में परेशानियां कम आती है और रिश्ता मजबूत बनता है।

### शादी के बाद की चर्चा

सगाई के बाद कपल अपनी शादी के दिन को लेकर काफी उत्साहित होता है। शादी वाले दिन के लिए बहुत सारी तैयारियां करने लगता है। उनके बीच की सारी बातें भी इस खास दिन पर केंद्रित होती हैं, जैसे शादी के लिए जगह, सीटिंग अरेंजमेंट, खाना-पीना, कपड़े, दूल्हे और दुल्हन की एंट्री आदि। हालांकि सगाई से शादी के बीच का वक्त केवल शादी की तैयारियों भर न रखें बल्कि शादी के बाद के जीवन की चर्चा भी करें।



### भविष्य की योजनाएं

वैवाहिक बंधन में बंधने वाले कपल्स को अपने भविष्य की योजनाओं पर चर्चा कर लेनी चाहिए। अपने जीवनसाथी को अपने लक्ष्य व सपने बताएं और उन्हें अपनी योजनाओं का हिस्सा बनाएं। आगे पढ़ाई करनी है, नौकरी करनी है या नहीं, क्या परिवार के साथ रहना है या अलग, क्या शहर बदलने की कोई योजना है और बच्चे को लेकर क्या विचार है, जैसी बातों पर चर्चा करके योजनाएं बना लें।

### भरोसा बनाएं

किसी भी रिश्ते की मजबूती, उनके बीच भरोसे पर टिकी होती है। ऐसे में शादी से पहले ही मंगेतर संग अपने रिश्ते को मजबूत बनाने के लिए एक दूसरे पर भरोसा करना सीखें। एक दूसरे को वक्त दें और समझने व समझाने के दौर में विश्वास को रिश्ते में जगह देने का प्रयास करें। केवल कपल के बीच ही नहीं, साथी के परिवार संग भी भरोसा बढ़ाएं।

### एक-दूसरे को और उनके परिवारों को समझें

मंगेतर की पसंद-नापसंद और जीवनशैली के बारे में जानने का प्रयास करें ताकि शादी के बाद जब आप दोनों साथ हों तो एक जीवनशैली को अपना सकें। एक-दूसरे के बारे में जानने और समझने के साथ ही, एक दूसरे के परिवारों के बारे में भी जान लें। परिवार से जान पहचान भी रिश्ते की मजबूती के लिए जरूरी है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## कानूनी फीस भरते-भरते कर्ज तले दबे केविन स्पेसी, घर भी हो रहा नीलाम



दो बार के ऑस्कर विजेता मशहूर हॉलीवुड अभिनेता केविन स्पेसी पर कुछ वर्ष पहले यौन उत्पीड़न कई आरोप लगे थे। हालांकि, बीते वर्ष वे सभी आरोपों से बरी हो गए। यौन उत्पीड़न और अनुचित व्यवहार के किसी मामले में वे दोषी नहीं पाए गए। लेकिन, खुद पर लगे आरोपों के बाद उनके कई वर्ष कोर्ट के चक्कर काटते हुए बीते और कानूनी फीस का खर्चा भी बेहिसाब आया। अब हालात ऐसे हो चुके हैं कि अभिनेता कर्ज के बोझ तले दबे हैं और कानूनी फीस अभी तक पूरी नहीं हुई है। उनका घर नीलाम किया जा रहा है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अभिनेता अपने मौजूदा हालातों पर बात करते हुए रो पड़े। केविन स्पेसी कर्ज के बोझ तले दबे हैं। उन पर अब भी कई मिलियन की कानूनी फीस बकाया है। रिपोर्ट के अनुसार स्पेसी ने हाल ही में एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि उन पर दायर हुए यौन उत्पीड़न मुकदमे की वजह से आई कानूनी फीस के चलते उनका घर जब्त कर लिया गया, जिसकी कीमत कई मिलियन डॉलर है। स्पेसी ने ये बातें पियर्स मॉर्गन अनसेंसर्ड टॉक शो में कहीं। जब पत्रकार पियर्स मॉर्गन ने उनसे पूछा कि फिलहाल वे कहां रहते हैं? इस सवाल को सुनते ही स्पेसी की आंखों से आंसू छलक आए। रुंधे गले से उन्होंने कहा कि उनके पास कोई स्थायी घर नहीं है और अब उनके पास बहुत कम पैसे बचे हैं। स्पेसी ने कहा, 'यह अजीब है कि आप यह सवाल पूछ रहे हैं। बाल्टीमोर में जहां मैं रह रहा हूं, वहां इस हफ्ते कब्जा किया जा रहा है। मेरा घर नीलामी में बेचा जा रहा है.

### टॉलीवुड

## नॉर्थ अमेरिका में 'कल्कि 2898 एडी' का जलवा शुरू, प्री-बुकिंग में तोड़ा रिकॉर्ड



अभिनेता प्रभास की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म की रिलीज की तारीख पास आती जा रही है। ऐसे में इसका प्रचार भी जोर पकड़ने लगा है। फिल्म 27 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म के टिकट की प्री-बुकिंग शुरू हो चुकी है। बड़ी खबर यह है कि प्री-बुकिंग के मामले में इस फिल्म ने आरआरआर का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'कल्कि 2898 एडी' रिलीज से पहले ही विदेशों में धुआंधार कमाई कर रही है। उत्तरी अमेरिका में तो इसने एसएस राजामौली द्वारा निर्देशित 'आरआरआर' का भी रिकॉर्ड तोड़ डाला है। दरअसल, 'कल्कि 2898 एडी' ने प्री-बुकिंग में $1 मिलियन (भारतीय मुद्रा में 8.35 करोड़ रुपये) से ज्यादा कमा लिए है और ऐसा करने वाली सबसे तेज भारतीय फिल्म भी बन गई है। वहीं, 'आरआरआर' की बात करें तो उसे $1 मिलियन तक पहुंचने में ज्यादा समय लगा था। जिस तेजी से 'कल्कि 2898 एडी' प्री-बुकिंग में धमाल मचा रही है, उसे देखते हुए यह कहना मुश्किल नहीं है कि ये जल्द ही $2 मिलियन (भारतीय मुद्रा में 16.7 करोड़ रुपये) का आंकड़ा भी छू लेगी और कई रिकॉर्ड तोड़ सकती है। फिल्म में प्रभास के अलावा दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन, कमल हासन, दिशा पाटनी, पशुपति, शोभना, ब्रह्मानंदम और राजेंद्र प्रसाद समेत कई कलाकारों ने अभिनय किया है।

### भोजपुरी

## रिलीज होगा भोजपुरी फिल्म 'रंग दे बंसती' का नया रोमांटिक गाना



खेसारी लाल यादव की भोजपुरी फिल्म 'रंग दे बसंती' सुर्खियों में है। यह फिल्म पैन-इंडिया रिलीज हुई है और इसे देशभर के करीब ढाई सौ सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है। इस फिल्म ने तीन दिन में ही 45 लाख रुपये कमा लिए, जोकि भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के लिए बड़ी बात है। अब मेकर्स फैंस को एक तोहफा देने जा रहे हैं। वो इस फिल्म का नया रोमांटिक गाना रिलीज करने वाले हैं, जिसके बोल 'फुलवा गुलाब' है। खेसारी लाल यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्टर शेयर करते हुए बताया कि नया गाना 'फुलवा गुलाब' 13 जून को सुबह साढ़े 6 बजे रिलीज होगा। इस गाने के सिंगर खेसारी और प्रियंका सिंह हैं। मूवी 7 जून को थिएटर्स में रिलीज हुई। रिपोर्ट्स बताती हैं कि ये भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की पहली पैन-इंडिया मूवी है। इससे पहले फिल्म को लेकर विवाद भी खूब हुआ। सेंसर बोर्ड ने कुछ डायलॉग्स और सीन काटने के बाद इसे रिलीज करने की बात कही, जिसकी वजह से मेकर्स काफी भड़क गए थे।

## फैशन के बीच बहस

### लाइफ स्टाइल



दुनिया भर में रोजाना चलने वाले फैशन शो के बीच इन दिनों यह चर्चा सरगर्म है कि क्या मॉडलिंग की दुनिया में पुरुष मॉडलों को कोई सम्मान नहीं मिलता है? एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पत्रिका के मुखपृष्ठ पर सीन ओ'प्री, क्लेमेंट चेबरनॉड और गैरेट नेफ़ जैसे प्रमुख पुरुष मॉडलों के चेहरे दिए गए हैं। फैशन विशेषज्ञ डैन पेरेस का कहना है कि, ₹पुरुषों का फ़ैशन पहले से कहीं ज़्यादा मज़बूत है लेकिन किसी भी पुरुष मॉडल ने घर-घर में मशहूर होने का दर्जा हासिल नहीं किया है।₹ विशेषज्ञों का कहना है कि पुरुष मॉडलों को अभी भी हीन व्यवहार का सामना करना पड़ता है, क्योंकि मॉडलिंग दुनिया का एक अनूठा उद्योग है जहाँ पुरुषों को महिलाओं की तुलना में कम महत्व दिया जाता है।

## इन घरेलू और आसान उपाय से चमक उठेंगे आपके बाल

खूबसूरत बाल पाने के लिए आजकल मार्केट में कई प्रोडक्ट्स आपको मिल जाएंगे, लेकिन वे आपके लिए कितने असरदार है और कितने नुकसानदायक? इसका मालूम कर पाना जरा मुश्किल है। वहीं बदलते मौसम और सही पोषण न मिल पाने के कारण हमारे बालों की चमक धीरे-धीरे फीकी पड़ने लगती है। बता दें कि इसके लिए आप घरेलू चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं। तो चलिए जानते हैं क्या हैं वो घरेलू चीजें और कैसे करें इनका इस्तेमाल ताकि हमारे बालों की भी खोई हुई चमक वापिस आ पाए। बालों को चमकदार बनाने के लिए मेथी दाना और दही का इस्तेमाल करना चाहिए।



### बालों में दही लगाने के फायदे

दही रुसी की समस्या को कम करने में मदद करती है। ड्राईनेस को कम करने और बालों को पोषण देने में सहायता करती है। बालों के लिए नेचुरल कंडीशनर की तरह काम करता है।

### मेथी दाना को बालों में लगाने के फायदे

मेथी दाना बालों की ग्रोथ में मदद करता है। साथ ही पतले बालों को वॉल्यूम देने का भी काम करता है। इसके अलावा हेयर ग्रोथ में भी मेथी दाना बेहद फायदेमंद होता है।

### बालों को चमकदार बनाने के लिए क्या करें?

बालों को घना बनाने के लिए सबसे पहले मेथी दाने को बारीक पीस लें और छान लें। मेथी दाने को छान लेने के बाद इसे करीब 1 से 2 घंटे तक भिगोकर रख दें। इसे सूखाने के बाद आप इसमें 3 से 4 चम्मच दही को मिलायें। इन दोनों चीजों को मिक्स करके बालों की स्कैल्प से लेकर लेंथ तक में लगायें। बालों में करीब 1 घंटे तक इसे लगा रहने दें। इसके बाद पानी की मदद से बालों को धो लें। बालों को पानी की मदद से अच्छी तरह से धो लें।लगातार इस नुस्खे का हफ्ते में 2 बार इस्तेमाल करने से आपके बाल कुछ ही दिन में घने और लंबे नजर आएंगे।

## फेस्टिवल पर दिखना है खूबसूरत तो इन साड़ी लुक्स को करें ट्राई





फैशन

फेस्टिवल सीजन में हर किसी की अपनी तैयारी होती है। किसी को अपने लिए कपड़े खरीदने होते हैं तो कोई अपने लिए ज्वेलरी की शॉपिंग कर रहा होता है। लेकिन सबसे ज्यादा कंफ्यूजन है साड़ी को लेकर। क्योंकि उनके अलग-अलग डिजाइन आपको मार्केट में मिल जाते हैं। जिन्हें आप अपनी पसंद के हिसाब से खरीदते हैं। ऐसे में आप मार्केट में नए आए साड़ी लुक्स को ट्राई कर सकती हैं। साथ ही उन्हें रीक्रिएट भी कर सकती हैं। अगर शादी के बाद ये आपके ससुराल में पहले त्योहार हैं तो ऐसे में आप हैवी वर्क वाली साड़ी डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके की साड़ी में आपको सीक्वेंस वर्क, थ्रेड वर्क और स्टोन वर्क साड़ी खरीद सकती हैं। आप इन्हें डे में पहनेंगी या नाइट में उसके हिसाब से कलर को चूज कर सकती हैं। इस तरीके की साड़ी आपको मार्केट में 500 से 1000 रुपये में मिल जाएगी। इस साड़ी के साथ आप लाइट इयररिंग्स और बोल्ड मेकअप लुक क्रिएट कर सकती हैं।



### सिंपल साड़ी लुक

अगर आप सिंपल दिखना चाहती हैं तो इसके लिए आप शिल्पा शिंदे के इस लुक को ट्राई कर सकती हैं। इसमें उन्होंने सिंपल साड़ी स्टाइल (सिंपल साड़ी स्टाइल करें) की है। जिसमें लाइट वर्क हो रखा है। आप भी इस तरीके की साड़ी को फेस्टिवल में स्टाइल कर सकती हैं। बस आपको इसके कलर को अपने हिसाब से चूज करना होगा। इस तरीके की साड़ी के साथ आप हैवी वर्क साड़ी को वियर कर सकती हैं। इन साड़ी की खास बात ये होती है कि लाइट वेट होने के साथ-साथ कम्फर्टेबल भी होती है। इन साड़ी के साथ आप हैवी इयररिंग्स और कर्ल हेयर स्टाइल ट्राई कर सकती हैं।

## बिना मेकअप केवल लिपस्टिक के इन शेड्स को लगाने से मिलेगा आकर्षक लुक

लिपस्टिक के शेड को चुनने से पहले आपको अपनी स्किन टोन को समझना बेहद जरूरी होता है ताकि चुना गया लिप कलर आपके चेहरे कि रोनक को बढ़ाने में मदद करें। रोजाना से लेकर किसी पार्टी में जाने तक के लिए हम मेकअप करना पसंद करते हैं और इसके लिए मार्केट में अनेक वैरायटी के प्रोडक्ट्स भी आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन इन ज्यादातर आज भी रोजाना के लिए केवल लिपस्टिक लगाना ही पसंद करते हैं। इसके लिए हम आए दिन नए से नए कलर्स लिपस्टिक भी खरीदते हैं।

कई बार हम अपने लिए सही शेड के लिप कलर को चुनते समय कंफ्यूज हो जाते हैं और जल्दबाजी में तैयार होते समय जो पहला शेड मिला उसे लगा लेते हैं। ऐसे में कई बार लिपस्टिक का कलर हम पर सूट नहीं करता है और लुक खराब नजर आने लगता है। इसलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं लिपस्टिक के कुछ ऐसे कलर्स जिन्हें आप बिना मेकअप करें लगा सकती हैं और अपने चेहरे की रोनक बढ़ा सकती हैं।



### डीप रेड लिप कलर

अगर आप बोल्ड कलर की लिपस्टिक लगाना पसंद करती हैं तो इस तरह के डीप रेड कलर को चुन सकती हैं। यह कलर खासकर नाइट लुक में बेहद खूबसूरत नजर आता है। बता दें कि यह कलर लगभग हर इंडियन स्किन टोन पर खूबसूरत नजर आता है। इसके अलावा अगर आपके होंठ छोटे हैं तो यह कलर लिप्स को पाउटी बनाने में मदद करेगा।

### जिंजरब्रेड लिप कलर

अगर आप रोजाना से अलग कुछ ट्राई करना चाहती हैं तो ब्राउन फैमिली के इस कलर यानि जिंजरब्रेड कलर की लिपस्टिक को होंठों पर लगा सकती हैं। यह कलर खासकर मीडियम से लेकर डार्क स्किन टोन पर बेहद खूबसूरत नजर आता है।

## गोल्ड ज्वेलरी की सफाई करते वक्त इन बातों का रखें ध्यान

गोल्ड ज्वेलरी का सही तरीके से सफाई ना किया जाएं तो उनकी चमक निलक जाती हैं। आज हम आपको बताएंगे कि कैसे आप अपने गोल्ड ज्वेलरी की सफाई कर सकती हैं।हर भारतीय महिला गोल्ड ज्वेलरी पहनती है। गोल्ड ज्वेलरी पहनने पर तो काफी ज्यादा खूबसूरत लगते है लेकिन लंबे समय तक पहनने पर यह गंदे हो जाते हैं। ऐसे में अगर गोल्ड ज्वेलरी की सही तरीके से सफाई ना कि जाएं तो यह खराब होने लगते हैं। आज हम आपको बताएंगे कि कैसे आप अपने गोल्ड ज्वेलरी की सफाई कर सकती हैं। अगर आप ज्यादा केमिकल वाले साबुन का इस्तेमाल अपने ज्वेलरी को साफ करने के लिए करती हैं तो यह खराब हो सकता है। हार्श केमिकल यानी



ब्लीच जैसी चीजों का इस्तेमाल गोल्ड ज्वेलरी की सफाई के दौरान नहीं करना चाहिए।

**ज्वेलरी साफ करते समय किन बातों का रखें ध्यान**

सोना कई तरीके का होता है। ऐसे में अगर आप अपने गोल्ड ज्वेलरी की सफाई कर रहे हैं तो पैच टेस्ट करके जरूर देखें। जिस भी चीज का इस्तेमाल सफाई के दौरान कर रहे हैं उससे पैच टेस्ट करें। वरना गोल्ड ज्वेलरी का रंग केमिकल के कारण खराब भी हो सकता है।

**ज्वेलरी के लिए सही ब्रश का करें इस्तेमाल**

अगर आप हार्ड ब्रश का इस्तेमाल ज्वेलरी की सफाई के लिए करती हैं तो आपकी ज्वेलरी खराब भी हो सकती हैं। ऐसे में कोशिश करें की ब्रश साफ्ट लें ताकि ज्वेलरी को किसी भी तरीके का नुकसान ना पहुंचे।

**गहनों को साफ करने के लिए जौहरी क्या उपयोग करते हैं**

गर्म पानी से आपकी गोल्ड की ज्वेलरी खराब हो सकती हैं। गहनों को साफ करने के लिए जौहरी ठंडे पानी का ही इस्तेमाल करते हैं। ऐसा करने से आपके गोल्ड की सफाई आसानी से हो जाएगी।

कार्नर न्यूज

### परंपरागत ब्यूटीशियन के दिन गए, अब ब्यूटी थेरेपिस्ट की मांग लगातार बढ़ रही

## ब्यूटी थेरेपिस्ट बन कर आप कदम बढ़ा सकती हैं सुनहरे भविष्य की ओर

यदि आप वास्तव ब्यूटी थेरेपिस्ट में बनना चाहते हैं, तो आपको आवश्यक ज्ञान और कौशल प्राप्त करने की जरूरत है। आज परंपरागत तरीके से ब्यूटी पार्लर चलाना समझदारी की बात नहीं रह गई है। बल्कि आपको मौजूदा समय के हिसाब से अपडेट रहना जरूरी है। आज आपको ब्यूटीशियन नहीं बल्कि ब्यूटी थेरेपिस्ट बनने की जरूरत है। इसके लिए आपको कुछ स्टेप फॉलो करने होंगे। इससे पहले कि आप ब्यूटी थेरेपिस्ट पाठ्यक्रम की पेशकश करने वाले संस्थान की तलाश में आगे बढ़ें , आपको इस बात पर शोध करना चाहिए कि एक सौंदर्य चिकित्सक क्या करता है, आपको कौन से कौशल हासिल करने चाहिए, इत्यादि। सामान्य तौर पर, एक ब्यूटीशियन भौंह उपचार, त्वचा देखभाल और लेजर थेरेपी जैसे कई व्यक्तिगत देखभाल उपचार प्रदान करता है। अधिकांश पेशेवरों को कई क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया जाता है जबकि कुछ को त्वचा देखभाल जैसे एक या दो क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्राप्त होती है।



**ब्यूटी स्कूल में दाखिला लें :** एक सफल ब्यूटी थेरेपिस्ट बनने के लिए, आपको ब्यूटी थेरेपी में डिप्लोमा जैसी शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करनी होगी। इसके अलावा, आपको वहां से प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए किसी सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान से अपनी शिक्षा पूरी करनी होगी। आप मुंबई में ब्यूटी पार्लर कोर्स जैसे कोर्स के लिए कपिल सैलून और अकादमी जैसे स्कूल या प्रशिक्षण संस्थान पा सकते हैं।



### प्रमाणित रहें

एक सौंदर्य चिकित्सक के रूप में, एक व्यक्ति अपने ग्राहक के चेहरे और शरीर का उपचार करता है। इसलिए, चिकित्सक के पास प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए एक प्रमाण पत्र होना चाहिए। प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए, चिकित्सक को मुंबई में ब्यूटीशियन कक्षाओं में भाग लेने के बाद सैद्धांतिक और व्यावहारिक परीक्षा उत्तीर्ण करनी होती है। कपिल सैलून और अकादमी जैसे संस्थान परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद प्रमाण पत्र प्रदान करेंगे।

### मल्टीटास्कर बनें

एक ब्यूटी थेरेपिस्ट को मल्टीटास्कर होना चाहिए। उसे एक समय में सभी ग्राहकों की बात सुननी होगी और उन सभी पर समान ध्यान देना होगा, क्योंकि प्रत्येक ग्राहक मूल्यवान है। इसलिए, यह आप पर निर्भर है कि आप अपना समय विभाजित करें ताकि आप उन सभी को समान रूप से महत्वपूर्ण महसूस करा सकें।

### इंटर्नशिप करें

एक सफल ब्यूटीशियन बनने के लिए केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही काफी नहीं है। आपके पास व्यावहारिक अनुभव होना चाहिए, जिसे आप मुंबई के किसी ब्यूटीशियन संस्थान में इंटर्नशिप करके कमा सकते हैं। आमतौर पर, एक संस्थान, जो सौंदर्य चिकित्सा पाठ्यक्रम प्रदान करता है, अपने छात्रों को इंटर्नशिप प्रदान करता है। ब्यूटी थेरेपी में अपना करियर उज्जवल बनाने के लिए आपको ऐसा जरूर करना चाहिए। इंटर्नशिप के दौरान, आप अनुभवी सौंदर्य चिकित्सकों के साथ काम करेंगे, आवश्यक कौशल सीखेंगे और अपेक्षित कौशल के साथ-साथ वजीफा भी अर्जित करेंगे।